विश्वास मायने रखता है

व्यावसायिक आचार और नैतिकता संहिता

THOMSON REUTERS®

REUTERS/नवेश चित्रकार

विषय-सूची

CEO स्टीव हैसकर का संदेश 5
विश्वास मायने रखता है 6
विश्वास के सिद्धांत 6
हमारी संस्कृति 7
उद्देश्य 7
मानसिकता और व्यवहार 7
एक वैश्विक संहिता 8
छूट 9
हमारी ज़िम्मेदारियाँ 10
सभी की जवाबदेही 10
लीडर और प्रबंधक की ज़िम्मेदारियाँ 10
नैतिक निर्णय लेना 11
अपनी आवाज़ उठाना और मदद मांगना 12
गुमनामी और गोपनीयता 12
प्रतिकार निषिद्ध है 13
छानबीन 13
उचित प्रक्रिया और अनुशासनात्मक कार्रवाई 13

हमारे लोगों के लिए विश्वास मायने रखता है 14
समान अवसर प्रदान करना 15
सम्मानपूर्ण कार्यस्थल को बढ़ावा देना 16
भेदभाव विरोधी 16
उत्पीड़न और डराना-धमकाना 17
सुरक्षित कार्यस्थल के लिए आवाज़ उठाना 18
विविधता और समावेश शामिल करना 19
विविधता 19
कार्यस्थलों को सुरक्षित, महफ़ूज़ और स्वस्थ बनाए रखना 20
स्वास्थ्य और सुरक्षा 20
सुरक्षा 20
धमकियाँ, कार्यस्थलीय हिंसा और हथियार 20
ड्रग और शराब 22

हमारे मार्केटप्लेस में विश्वास मायने रखता है 23
हितों के टकराव को पहचानना और उनसे बचना 24
रिश्तेदार और दोस्त 24
कॉर्पोरेट अवसर 26
बाहरी रोज़गार 26
Thomson Reuters की ओर से कानून की प्रैक्टिस करना 26
अन्य कंपनी के बोर्ड में शामिल होना 27
संगठनात्मक हितों के टकराव 27
निष्पक्षता और ईमानदारी से व्यापार करना 28
निष्पक्ष व्यापार 28
प्रतिस्पर्धा और विश्वास-रोधी 28
हमारे वैश्विक बाज़ारों में काम करना 30
रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार विरोधी 30
उपहार और मनोरंजन 32
प्रतिबंध, व्यापार निषेध और निर्यात नियंत्रण 34
हवाला विरोधी (एंटी-मनी लॉन्ड्रिंग) 35

हमारी संपत्तियों और जानकारी में विश्वास मायने रखता है 37
अपनी और दूसरों की बौद्धिक संपदा का सम्मान करना 38
दूसरों की बौद्धिक संपदा 39
प्रतिस्पर्धी बुद्धिमत्ता 40
गोपनीय जानकारी और डेटा गोपनीयता की सुरक्षा करना 42
गोपनीय जानकारी 42
डेटा सुरक्षा और गोपनीयता 43
हमारी गोपनीय जानकारी और अन्य डेटा का उपयोग और उन्हें सुरक्षित रखना 44
इनसाइडर ट्रेडिंग 45
सूचना और संचार प्रणालियों का ज़िम्मेदारी से उपयोग करना 46
हमारी संपत्तियों की सुरक्षा करना 48

हमारे नियंत्रणों में विश्वास मायने रखता है 49
सटीक वित्तीय रिकॉर्ड 50
कर भुगतान और रिकॉर्ड 51
चिंताएं व्यक्त करना 51
हमारे रिकॉर्ड का प्रबंधन 52
अनुबंध प्राधिकरण 54
मीडिया और सोशल मीडिया का ज़िम्मेदारी के साथ उपयोग करना 56
मीडिया के सामने जाना और सार्वजनिक रूप से बोलना 56
सोशल मीडिया 56

हमारे समुदायों में विश्वास मायने रखता है 59
ज़िम्मेदार वैश्विक कॉर्पोरेट नागरिक बनना 60
मानवाधिकार 60
पर्यावरणीय ज़िम्मेदारी 61
ज़िम्मेदार सोर्सिंग और आपूर्ति श्रृंखला नैतिक आचार संहिता 61
हमारे समुदायों के लिए योगदान करना 62
राजनीतिक प्रक्रिया में भाग लेना 64
लॉबिंग 64
विदेशी सरकारी हितों से स्वतंत्रता 65
व्यक्तिगत राजनैतिक गतिविधि 65
मदद मांगें: मददगार संपर्क जानकारी 66
कानूनी नोटिस 67

इस पृष्ठ को जानबूझकर खाली छोड़ा गया है।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी की ओर से संदेश स्टीव हैसकर

प्रिय सहकर्मियों,

Thomson Reuters अग्रणी सामग्री-संचालित प्रौद्योगिकी कंपनी बनने के लिए लगातार विकसित हो रही है, जो दुनिया भर के पेशेवरों के लिए आगे का रास्ता बताती है।

जैसे-जैसे हम बढ़ते और प्रगति करते हैं, एक बात निरंतर बनी रहनी चाहिए – नैतिकता और सत्यनिष्ठा के उच्चतम मानकों के साथ परिचालन करने की हमारी प्रतिबद्धता। हममें से प्रत्येक हमारे विश्वसनीयता के सिद्धांतों – सत्यनिष्ठा,स्वतंत्रता, तथा पूर्वाग्रह से मुक्ति के मानकों को बनाए रखता है। जैसे हम अपने ग्राहकों को न्याय, सच्चाई और पारदर्शिता हासिल करने में मदद करते हैं, अपने कर्मचारियों के साथ भी हमें ऐसा ही व्यवहार करना चाहिए। विश्वसनीयता हमारी सबसे मूल्यवान परिसंपत्ति है और हमें इसकी रक्षा करने के लिए कर्मठतापूर्वक कार्य करना चाहिए। Thomson Reuters व्यापार आचरण और नैतिकता की संहिता, हम एक कंपनी के रूप में कैसे काम करते हैं, इसके लिए उच्च नैतिक मानक निर्धारित करते हैं। यह सभी निदेशकों, अधिकारियों, कर्मचारियों और प्रासंगिक कार्यकर्ताओं पर लागू होती है। यह आपका दायित्व है कि आप संहिता से परिचित हों। जब आप अपने करियर में नैतिक प्रश्नों का सामना करेंगे, तो ये सिद्धांत एक मार्गदर्शक के रूप में काम करेंगे।

अगर आपको किसी दुर्व्यवहार का संदेह है, तो आप प्रतिकार के भय के बिना; अपने पर्यवेक्षक, HR, नैतिकता हॉटलाइन या हमारे मुख्य अनुपालन अधिकारी को इसकी सूचना दे सकते हैं।

हर दिन, हर कार्यवाही में ईमानदारी के साथ कार्य करने के लिए आपका धन्यवाद।

Steve

स्टीव हैसकर
अध्यक्ष और **CEO**
Thomson Reuters

विश्वास मायने रखता है

Thomson Reuters की नींव अखंडता और प्रदर्शन की परंपरा है। 150 से अधिक वर्षों से, हमने महत्वपूर्ण जानकारी और विशेष-ज्ञता प्रदान की है जिसने विश्व भर में ग्राहकों को सशक्त बनाया है। हम इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए हमारी कई ताकतों का उपयोग करते हैं। हालाँकि, अगर कोई एक गुण जो हमें किसी भी अन्य की तुलना में बाँधता है, सशक्त बनाता है और परिभाषित करता है, वह विश्वास है।

अपने ग्राहकों के साथ मिलकर हम आगे का मार्ग बताने में मदद करते हैं। वे हममें से प्रत्येक पर निर्भर करते हैं, और हम एक दूसरे पर निर्भर करते हैं। हम अपने कार्यो से और व्यक्ति या टीम के रूप में हर दिन लिए गए अपने निर्णयों के माध्यम से इस विश्वास को बनाए रख सकते हैं या हासिल करना जारी रख सकते हैं या फिर इसे नुकसान पहुँचा सकते हैं।

हम यह जानते हैं कि हमारा कार्य दूसरों को कैसे प्रभावित करता है और इसलिए, हम सही परिणाम पाने के लिए सही कारणों से सही काम करने का प्रयास करते हैं और अपने ग्राहकों, अपने शेयरधारकों और उन समुदायों में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रयासरत रहते हैं जिनके साथ हम व्यवसाय करते हैं।

जब हम लगातार हमारा मार्गदर्शन करने के लिए अपने मूल्यों पर भरोसा करते आए हैं, हम यह सुनिश्चित करते हैं कि Thomson Reuters नवपरिवर्तन, विकास और निरंतर सफलता के मार्ग पर चलते हुए ग्राहकों और भागीदारों की उम्मीदों पर हमेशा खरा उतरे।

यह व्यावसायिक आचार और नैतिकता संहिता हमारे मूल्यों का प्रतिबिंब और विस्तार दोनों है। यह बताती है कि Thomson Reuters कौन हैं और हम किसके पक्ष में खड़े होते हैं और यह उस विचार को बल देता है जिसके लिए हमारे भागीदार, सहकर्मी और ग्राहक हमेशा से जाने जाते हैं: विश्वास मायने रखता है।

विश्वास के सिद्धांत

इस संहिता का पालन करते हुए, हममें से प्रत्येक को यह याद रखना चाहिए कि Thomson Reuters विश्वास के सिद्धांत व्यक्तिगत कर्मचारी के रूप में हमारे व्यवहार का मार्गदर्शन करते हैं और Thomson Reuters में सभी व्यक्तियों पर लागू होते हैं। ये सिद्धांत ऐसी संपत्ति हैं जो Thomson Reuters को दूसरों से अलग करती हैं, हमारी सामग्री को आपस में जोड़ती हैं और उन भरोसेमंद उत्तरों के आधार के रूप में कार्य करती हैं, जिनकी हमारे ग्राहकों को ज़रूरत होती है। सिद्धांत ये हैं:

1. कि Reuters किसी भी समय किसी के भी हित, समूह या गुट के हाथों में नहीं जाएगा;
2. कि Thomson Reuters की अखंडता, स्वतंत्रता और पूर्वाग्रह से मुक्ति हमेशा पूरी तरह से संरक्षित रहेंगे;
3. कि Reuters अखबारों, समाचार एजेंसियों, प्रसारकों और अन्य मीडिया सब्सक्राइबर्स को और व्यवसायों, सरकारों, संस्थानों, व्यक्तियों और उन सभी को जिनके साथ Reuters ने अनुबंध किया है या अनुबंध कर सकती है को निष्पक्ष और विश्वसनीय समाचार सेवाएँ प्रदान करेगी;
4. कि Thomson Reuters को मीडिया के अतिरिक्त उन सभी अन्य हितों पर ध्यान देना होगा जिनको हम सेवाएँ देते हैं; और
5. कि जोThomson Reuters के समाचार और अन्य सेवाएं और उत्पाद हैं उनके विस्तार,उन्हें विकसित और अनुकूलित करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी ताकि अंतरराष्ट्रीय समाचार और सूचना व्यवसाय में इसकी अग्रणी स्थिति बरकरार रहे।

विश्वास के सिद्धांत

REUTERS/फ़याज़ काबली

हमारी संस्कृति

उद्देश्य

हमारी कंपनी का उद्देश्य *आगे का मार्ग बताना है*; जो पेशेवरों, उन्नत महत्वपूर्ण संस्थानों को सेवाएं देने और अपने उत्पादों और अपने कार्यों के माध्यम से विश्वास निर्मित करने की हमारी प्रतिबद्धता को परिलक्षित करता है।

उद्देश्य ही वह कारण है कि एक संगठन लाभ कमाने से परे क्यों मौजूद है। यह हमारे वाणिज्यिक मूल्य और सामाजिक प्रभाव को जोड़ता है। यह एक विचार है जो हमारी सोच और एक व्यवसाय में हम जो भी करते हैं, उसे प्रभावित करता है। उद्देश्य हमारे होने की मूल वजह और दुनिया पर हमारे सकारात्मक प्रभाव को परिभाषित करता है। यह हमारी रणनीति को आकार देता है, हमारे लोगों को प्रेरित करता है, हमारे ग्राहकों और समुदाय को संलग्न करता है, सच्चाई के पल में विकल्पो को आगे बढ़ाता है और पूरी तरह हमारी संस्कृति में समाया हुआ है।

हम आगे का मार्ग किस तरह बताते हैं इसके केंद्र में हमारे उत्पाद और व्यवसाय हैं। उनके माध्यम से हम दुनिया के सबसे सूचित पेशेवरों को शक्ति देते हैं। अपने ग्राहकों के साथ, हम ज्ञान में बढ़ोतरी करते है, साहस और सत्यनिष्ठा से काम करते हैं और न्याय, सत्य और पारदर्शिता का अनुसरण करते हैं – जिन आदर्शों पर प्रगति का निर्माण होता है और मूल्य रचे जाते हैं।

उद्देश्य – आगे का मार्ग बताना

मानसिकता और व्यवहार

Thomson Reuters की मानसिकता और व्यवहार उस मूल मानसिकता (हम कैसे सोचते हैं) और व्यवहार (हम कैसे कार्य करते हैं) को स्पष्ट करते हैं कि हम किस प्रकार अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाएंगे और सुनिश्चित करते हैं कि हम अपने ग्राहकों के लिए आपूर्ति करें। वे सामान्य, निरंतर और प्राथमिकता वाले मानसिकता और व्यवहार हैं जो हमें संयुक्त रूप से सफल बनाएंगे।

मानसिकता और व्यवहार

एक वैश्विक संहिता

दुनिया भर में हजारों कर्मचारियों के साथ, Thomson Reuters विभिन्न प्रकार के कानूनों और विनियमों के तहत काम करता है। समय-समय पर, विशिष्ट तथ्यों और परिस्थितियों के मद्देनजर हम अपने निर्णय और कार्यों में उपयुक्त बदलाव करते रहते हैं। अभी भी, चाहे हम कहीं भी काम कर रहे हों, हमारे मूल्य और सिद्धांतों में कोई भी परिवर्तन नहीं होगा। यह संहिता उन मूल्यों और सिद्धांतों को रेखांकित करती है, साथ ही नीतियों की जांच करने के लिए एक व्यावहारिक संसाधन भी प्रदान करती है, निर्णय लेने में मार्गदर्शन करती है और कर्मचारियों और अन्य लोगों को यह समझने में सहायता करती है कि कैसे और कब **मदद मांगी जाए।**

अपने मूल्यों पर अडिग रहकर और संहिता का पालन करते हुए, हम सभी नई खोज को बढ़ावा दे सकते हैं, भागीदारियां विकसित कर सकते हैं और बेहतरीन प्रदर्शन कर सकते हैं। हमारे मूल्य और यह संहिता हमारे ग्राहकों, हमारे व्यावसायिक भागीदारों (जैसे की विक्रेता, आपूर्तिकर्ता एजेंट, आदि), हमारे सहकर्मियों और उन समुदायों जहाँ हम काम करते हैं और रहते हैं, के साथ जुड़ने में हमारी सहायता और मार्गदर्शन करते हैं। यह संहिता Thomson Reuters कॉरपोरेशन और हमारे बहु-स्वामित्व वाली या नियंत्रित सहायक कंपनियों के सभी कर्मचारियों, अधिकारियों और निदेशकों, साथ ही सलाहकारों, ठेकेदारों, अस्थायी कर्मचारी और हमारे लिए या हमारी ओर से सेवाएँ प्रदान करने वाले एजेंट (जैसे कि हमारे व्यावसायिक भागीदार) पर लागू होती है। Thomson Reuters के लिए या Thomson Reuters की ओर से काम करने वाले सभी तृतीय पक्षों को संहिता का पालन करने से संबंधित उनके दायित्वों के बारे में अवगत कराया जाना चाहिए।

यह संहिता हर उस देश में लागू होती हैं जहाँ हम व्यवसाय करते हैं। अगर कभी इस संहिता या स्थानीय कानूनों और/या हमारे कार्य पर लागू होने वाली पूरक नीतियों के बीच कोई टकराव होता है, तो हमें सबसे अधिक प्रतिबंधात्मक आवश्यकता का पालन करना चाहिए। संहिता के प्रत्येक अनुभाग में सिद्धांत का विवरण और इसकी व्याख्या भी की गई है कि विशिष्ट कार्रवाई करने और सहायता के लिए संसाधनों के साथ-साथ यह क्यों ज़रूरी है। अगर हममें से किसी के मन में यह प्रश्न है कि संहिता कैसे लागू हो सकती है, तो हमें **मदद मांगनी चाहिए**

REUTERS के पत्रकार

उनकी कार्य की प्रकृति के कारण, Reuters के पत्रकारों की कुछ नीतियाँ ऐसी होती हैं जो, कुछ मामलों में, कंपनी की सामान्य नीतियों (जैसे कि व्यक्तिगत राजनीतिक गतिविधि से संबंधित) की तुलना में अधिक प्रतिबंधात्मक होती हैं और कुछ मामलों में, कम प्रतिबंधात्मक (जैसे कि ऐसी कोई रिपोर्टिंग करना जिसे तृतीय पक्ष गोपनीय के रूप में देख सकते हैं) हो सकती हैं। Reuters के पत्रकारों को पत्रकारिता की हैंडबुक की समीक्षा करनी चाहिए और **मदद मांगनी चाहिए** अधिक जानकारी के लिए।

विनियमित संस्थाएं

Thomson Reuters के भीतर विनियमित संस्थाओं की अपनी नीतियाँ और प्रक्रियाएँ हो सकती हैं जो उनकी ओर से कार्यरत कर्मचारियों पर लागू होती हैं। इन नीतियों को एक ही विषय को संबोधित करने वाली Thomson Reuters नीतियों से अधिक प्राथमिकता दी जाती है। अधिक जानकारी के लिए मदद मांगनी चाहिए **मदद मांगें**

REUTERS/एलेसेंड्रो बिएनची

छूट

किसी ऐसी असामान्य परिस्थिति जिसमें आपको लगता है कि आपको संहिता के किसी विशेष प्रावधान में छूट की आवश्यकता हो सकती है, आपको Thomson Reuters के मुख्य कानूनी अधिकारी से संपर्क करना चाहिए। कार्यकारी अधिकारियों या निदेशकों के लिए कोई भी छूट केवल Thomson Reuters के निदेशक मंडल या बोर्ड कमेटी द्वारा दी जा सकती है और Thomson Reuters द्वारा इसका खुलासा कानून, विनियमन या स्टॉक एक्सचेंज की आवश्यकता के अनुसार आवश्यक सीमा के अंतर्गत किया जाएगा।

हमारी ज़िम्मेदारियाँ

सभी के लिए जवाबदेही

Thomson Reuters के सभी कर्मचारियों का यह दायित्व है कि वे स्वयं को और एक दूसरे को इस संहिता में वर्णित नीतियों और उच्च नैतिक मानकों के प्रति बाध्य रखें। इसका अर्थ है कि हम सभी से संहिता, साथ ही किसी भी पूरक सामग्री जो हम पर लागू हो सकती है, को पढ़ने और समझने और उसके अनुसार कार्य करने की उम्मीद की जाती है। अगर आप संहिता के किसी भाग या पूरक सामग्री के बारे में या उन तक कैसे पहुंचें इसको लेकर अनिश्चित हैं, तो कृपया **मदद मांगें**. हम सभी से अपेक्षित है कि:

- हमारे विशिष्ट पदों पर लागू होने वाले कानूनों, नियमों, विनियमों और नीतियों के बारे में जानें, समझें और उनका अनुपालन करें
- **मदद मांगें** अगर हमारे पास किसी कानून, नियम, विनियमन या नीति की प्रयोज्यता या व्याख्या के बारे में कोई प्रश्न हैं, तो
- आवाज़ उठाएँ अगर हम कोई अनैतिक व्यवहार या उल्लंघन देखते हैं या संदेह है – चाहे वह कानून, नीतियों या इस संहिता का हो
- अनिवार्य अनुपालन प्रशिक्षण पूरा करें
- उन देशों के स्थानीय रिवाजों का सम्मान करें जहाँ हम व्यवसाय करते हैं, जब तक कि ऐसा करने से कानूनों या इस संहिता का उल्लंघन नहीं होता है
- **इंट्रानेट पर स्वीकार करें** कि हमें यह संहिता प्राप्त हुई है और हमने इसे पढ़ लिया है और हम इसके पालन से संबंधित अपने दायित्वों को समझते हैं।

हम सभी पर लागू होने वाले कानूनों, नियमों या विनियमों; हमारी संहिता; Thomson Reuters की किसी भी अन्य नीति या आवश्यकता का पालन करने में विफल रहने के परिणामस्वरूप निलंबन और/या कानूनी कार्यवाही तक सीमित और सहित अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा सकती है।

लीडर और प्रबंधक की ज़िम्मेदारियाँ

Thomson Reuters में लीडर्स – जिसमें प्रबंधक और पर्यवेक्षक शामिल हैं – से उम्मीद की जाती है कि वे स्वयं भी उन समान उच्च मानकों का पालन करेंगे जिसकी उन्हें अपने टीम से अपेक्षा है। लीडर पारदर्शिता, खुले संचार और विश्वास की संस्कृति बनाने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं जो सहकर्मियों से लेकर ग्राहकों तक और बाहरी व्यापार भागीदारों तक विस्तारित होती है। इसे हासिल करने में मदद करने के लिए, लीडर्स को चाहिए कि वे:

- हमारे मूल्यों को हर दिन जिएँ
- टीम के सदस्यों द्वारा चिंता व्यक्त किए जाने पर उन्हें सुनें और उन पर कार्रवाई करें–चाहे वे बड़े या छोटे हों
- उन कानूनों, नियमों, विनियमों और नीतियों के बारे में जानकारी रखें जो उनकी टीमों पर लागू होते हैं
- निजी तौर पर अनुपालन के मामलों को उचित रूप से संभालें या आगे बढ़ाएँ
- ऐसे निर्णयों को हाइलाइट करें और पहचानें जो कि हमारे मूल्यों का सम्मान करते हैं और अल्पकालिक लाभ के बजाय दीर्घकालिक सफलता दिलाते हैं
- सभी दृष्टिकोण को सुनने की तत्परता और उत्तरदायित्व प्रदर्शित करें
- अपनी टीमों के साथ नियमित रूप से नैतिकता और अनुपालन के महत्व पर चर्चा करने के लिए समय निकालें
- प्रोत्साहित करें सहकर्मियों और अन्य लोगों को कि जब कोई मुद्दा या प्रश्न उठता है तो वे अपने प्रबंधक, मानव संसाधन, आपके व्यवसाय या कार्यों में सहयोग करने वाले कंपनी वकील (इस पूरी संहिता में कंपनी के वकील के रूप में संदर्भित) या उपक्रम अनुपालन टीम से मदद के लिए संपर्क करें और किसी भी अनैतिक या गैरकानूनी आचरण या अनुपालन के मुद्दों की समयबद्ध और स्पष्ट रिपोर्टिंग करें

नैतिक निर्णय लेना

यहाँ तक कि वे भी जो हमारे मूल्यों से पूरी तरह परिचित हैं, ये संहिता और हमारी नीतियाँ उन्हें भी ऐसी परिस्थितियों में डाल सकती है जहाँ उन्हें भी यह ज्ञात नहीं हो कि कौन सा रास्ता अपनाना चाहिए। ऐसे मामलों में, हम **मदद ले सकते हैं**।
आगे बढ़ने से पहले, ये प्रश्न पूछें:

अपनी आवाज़ उठाना और मदद मांगना

अनैतिक या अवैध आचरण की रिपोर्ट करना या अगर हम मानते हैं कि इस संहिता का उल्लंघन हुआ है, तो उसकी रिपोर्ट करना हम सभी का दायित्व है। हमारी **मदद मांगने** और सही ढंग से और सच्चाई के साथ समय पर स्थिति का वर्णन करने के लिए हमारी इच्छा और तत्परता अत्यंत महत्वपूर्ण है। Thomson Reuters खुले संचार का समर्थन करती है।

जब भी आपके पास कोई चिंता है तो आपको प्रश्न पूछने और **मदद मांगने** के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। अगर आप सुनिश्चित नहीं हैं कि कोई समस्या उत्पन्न हुई है या नहीं, तब भी आवाज़ उठाएँ। ऐसा करने के आपके पास कई विकल्प हैं: आपके प्रबंधक, मानव संसाधन विभाग, कंपनी के वकील, एंटरप्राइज़ अनुपालन टीम या व्यावसायिक आचार और नैतिकता हॉटलाइन।

धोखाधड़ी या संदेहास्पद धोखाधड़ी की रिपोर्ट करना

वर्तमान या पूर्व कर्मचारियों, निदेशकों, अधिकारियों, ठेकेदारों या तृतीय पक्ष द्वारा संदेहास्पद धोखाधड़ी की गतिविधियों की रिपोर्ट आंतरिक ऑडिट को करें। इसके अलावा, बाहरी ऑडिटर को अनुचित तरीके से प्रभावित करने की कोशिशों की रिपोर्ट आंतरिक ऑडिट को की जानी चाहिए।**मदद मांगें**

गुमनामी और गोपनीयता

हो सकता है कि कई बार किसी समस्या को लेकर आप अपने प्रबंधक से सीधे संपर्क करने में सहज महसूस न करें (उदाहरण केलिए, अगर समस्या आपके प्रबंधक से संबंधित है), तब आप व्यावसायिक आचार और नैतिकता हॉटलाइन से **www.https://www.compliance-hotline.com/ThomsonReuters.jsp** में लॉग इन करके संपर्क कर सकते हैं, जहाँ आपको ईमेल, फ़ोन या वेबसाइट के माध्यम से रिपोर्ट करने के बारे में निर्देश मिलेंगे।

हॉटलाइन का प्रबंधन तीसरे पक्ष द्वारा किया जाता है और यह आपके लिए 24/7 उपलब्ध है। अगर आप चुनते हैं तो आप गुमनामीपूर्वक कोई रिपोर्ट सबमिट कर सकते हैं। अपने प्रश्न या चिंता की रिपोर्ट करने के बाद, आप वापस जांच कर सकते हैं और अपने सबमिशन के संबंध में स्थिति का अपडेट प्राप्त कर सकते हैं। गोपनीयता कायम रखने की भरसक कोशिश की जाएगी और जानकारी केवल जानने-की-ज़रूरत के आधार पर साझा की जाएगी।

कुछ देशों में, स्थानीय कानून और विनियम नैतिकता हॉटलाइन के माध्यम से की जा सकने वाली रिपोर्ट्स के प्रकारों को प्रतिबंधित करते हैं या आपकी पहचान को उजागर करने के लिए सहमति आवश्यक हो सकती है। अगर आप ऐसे किसी देश में हैं और कोई रिपोर्ट करने का प्रयास कर रहे हैं तो, **मदद मांगें**. आप **इंट्रानेट पर हॉटलाइन जानकारी** पर भी जा सकते हैं।

इस संहिता में ऐसा कुछ भी नहीं है जो आपको कानूनों के संभावित उल्लंघन की रिपोर्ट करने से या राष्ट्रीय, संघीय, राज्य या स्थानीय सरकारी एजेंसी द्वारा की जा रही जाँच में भाग लेने से रोकता है।

REUTERS/शैनन स्टैपलटन

प्रतिकार निषिद्ध है

Thomson Reuters सद्भावना से किसी आरोप की जांच-पड़ताल या रिपोर्ट करने या छानबीन में सहयोग करने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ प्रतिकार को रोकती है। "अच्छी भावना" का अर्थ यह नहीं है कि आपको सही होना होगा या आपके पास निर्विवाद सबूत होने चाहिए – इसका अर्थ सिर्फ़ यह है कि जिस बात की आप रिपोर्ट कर रहे हैं उसकी सत्यता और सटीकता पर आपको उचित विश्वास होना चाहिए। अगर आप जानते हैं या आपको संदेह है कि कोई व्यक्ति बदला ले रहा है या आपके या किसी और के खिलाफ प्रतिकार करने की योजना बना रहा है, तो **मदद मांगें।**

छानबीन

छानबीन तुरंत और पूर्ण रूप से की जाएगी और यथासंभव सीमा तक गोपनीयता कायम रखी जाएगी।

शिकायतों और रिपोर्ट के बारे में जानकारी मानव संसाधन, कानूनी या आंतरिक ऑडिट विभाग, जो भी उपयुक्त हो, के द्वारा प्रबंधित की जाएगी। लागू विभाग किसी भी ऐसी रिपोर्ट या शिकायत के रिकॉर्ड का रखरखाव करेगा, उनकी प्राप्ति, छानबीन और समाधान को ट्रैक करेगा।

उचित प्रक्रिया और अनुशासनात्मक कार्रवाई

किसी भी कथित उल्लंघन के पीछे प्रासंगिक तथ्यों को निर्धारित करने और जांच को समय पर निष्कर्ष पर लाने के लिए सभी उचित प्रयास किए जाएंगे। छानबीन में शामिल किए गए सभी कर्मचारी सहयोग करने के लिए बाध्य हैं।

छानबीन में सहयोग देने में विफल रहने की स्थिति में अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा सकती है, जिसमें निष्कासन और/या कानूनी कार्यवाही तक शामिल हो सकती है। सहयोग देने में विफलता में ये शामिल हैं:

- जानबूझकर गलत या भ्रामक जानकारी देना
- छानबीन के दौरान मीटिंग या चर्चा के लिए उपलब्ध होने से मना करना
- जानबूझकर उपयुक्त जानकारी को दबा कर रखना, नष्ट करना या हटाना

REUTERS/माइकल डालडर

हमारे लोगों के लिए
विश्वास मायने रखता है

समान अवसर प्रदान करना *15*

सम्मानपूर्ण कार्यस्थल को बढ़ावा देना *16*

विविधता और समावेशन शामिल करना *19*

कार्यस्थलों को सुरक्षित, महफ़ूज़ और स्वस्थ बनाए रखना *20*

समान अवसर देना

हम पर भरोसा किया जाता है . . .

...समान रोज़गार को बढ़ावा देने और योग्य व्यक्तियों के लिए उचित सुविधाओं की व्यवस्था करने के लिए।

हम जहाँ भी व्यवसाय करते हैं वहाँ लागू कानूनों, नियमों और विनियमों का अनुपालन करने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं और भर्ती, नुकसान भरपाई, पदोन्नति, वर्गीकरण, प्रशिक्षण, अप्रेन्टस्शिप, रोज़गार के लिए रेफ़रल और भेदभाव-विरोधी अनुभाग. में सूचीबद्ध वर्गीकरण को न मानते हुए सभी व्यक्तियों के लिए रोज़गार के अन्य नियमों को मानते हुए समान रोज़गार के अवसर प्रदान करते हैं।

हम दिव्यांग व्यक्तियों तथा निष्ठापूर्वक धार्मिक आस्था रखने वाले सहयोगियों के लिए भी यथोचित व्यवस्थाएँ बनाते हैं। इन उद्देश्यों के लिए, "उचित व्यवस्था" नौकरी के कर्तव्यों में या कार्य के वातावरण में संशोधन या समायोजन है जो कर्मचारी को Thomson Reuters में कोई अनुचित कठिनाई उठाए बिना नौकरी से संबंधित आवश्यक कार्यों को करने में सक्षम बनाता है। अगर आपको लगता है कि आपको अपने पद से संबंधित आवश्यक कार्यों को करने के लिए किसी सुविधा की आवश्यकता है, आपको किसी धार्मिक व्यवस्था की आवश्यकता है या आपके कोई प्रश्न हैं, तो अपने प्रबंधक या मानव संसाधन से संपर्क करें।

इंट्रानेट पर कार्यस्थल संबंधी नीतियां

बिंदुओं को जोड़ना

प्र मैं दो उम्मीदवारों पर विचार कर रहा/रही हूँ कागज़ों के अनुसार जिनकी योग्यताएँ एक समान हैं। एक शारीरिक रूप से विकलांग है जिसके कारण कार्यालय में उसे इधर उधर जाने में कठिनाईयों का सामना करना पड़ सकता है। क्या मुझे उम्मीदवारों के अपने मूल्यांकन में इस विशेषता पर गौर करना चाहिए?

उ आपको यह नहीं मानना चाहिए कि विकलांगता किसी के काम करने की क्षमता को सीमित कर देगी। हालांकि, अगर आपको यथोचित रूप से यह लगता है कि विकलांगता वैध रूप से नौकरी से संबंधित आवश्यक कार्यों को करने की व्यक्तिगत क्षमता को प्रभावित करेगी, तो आपको इस बात पर चर्चा करने के लिए मानव संसाधन से संपर्क करना चाहिए कि क्या उचित सुविधा मुहैया कराई जा सकती है।

सम्मानपूर्ण कार्यस्थल को बढ़ावा देना

हम पर भरोसा किया जाता है . . .

...सक्रिय रूप से ऐसे कार्य वातावरण को बढ़ावा देने के लिए जहाँ हर किसी से गरिमा और सम्मान के साथ व्यवहार किया जाता है।

यह क्यों मायने रखता है

जब भेदभाव, उत्पीड़न और डराना-धमकाना कार्यस्थल में अपनी जड़ें फैलाने लगते हैं, तो वे संचार में बाधा डालते हैं और उत्पादकता को क्षति पहुँचाते हैं। वे सभी को हमारे मूल्यों: विश्वास, नवपरिवर्तन, भागीदारी और प्रदर्शन के विपरीत ले जाते हैं। अगर हमारी टीम या भागीदार का कोई भी सदस्य अपने आप को लक्षित या असुरक्षित पाता है, तो हम विचारों और चिंताओं को एक दूसरे से ठीक से साझा नहीं कर पाएँगे या एक टीम के रूप में काम नहीं कर पाएंगे। इसके अतिरिक्त, इस तरह के काम हमें (व्यक्तिगत और एक कंपनी के रूप में) जुर्माना, मुकदमा और दीवानी या यहाँ तक कि आपराधिक कानूनी कार्यवाही के प्रति संवेदनशील बना सकते हैं।

निष्पक्षता, समानता, सम्मान और गरिमा पर अत्यधिक निवेश करके और भेदभाव, उत्पीड़न और डराने-धमकाने की अनुमति न देकर, हम हमारे कार्यस्थल में आने वाले सभी व्यक्तियों को सुरक्षित और सशक्त होने का अहसास कराते हैं ताकि वे उनकी पूर्ण क्षमता के साथ काम कर सकें।

हम कैसे काम करते हैं

भेदभाव विरोधी

हम भेदभाव सहन नहीं करते इसका अर्थ है कि हम निम्न के आधार पर असमान व्यवहार की अनुमति नहीं देते हैं:

- जाति, वर्ण या नस्ल
- धर्म
- सेक्स या लिंग
- गर्भावस्था
- लैंगिक पहचान या अभिव्यक्ति
- यौन रुझान
- आयु
- वैवाहिक स्थिति
- राष्ट्रीय मूल
- नागरिकता की स्थिति
- विकलांगता
- वयोवृद्ध स्थिति
- लागू कानूनों या विनियमों द्वारा संरक्षित कोई अन्य वर्गीकरण

Reuters/Benoit Tessier

उत्पीड़न और डराना-धमकाना

हम अपने कार्यस्थलों में किसी भी प्रकार के उत्पीड़न को बर्दाश्त नहीं करते हैं, जिसमें यौन उत्पीड़न और डराना धमकाना शामिल हैं। हम कार्यस्थल में गरिमा का समर्थन करते हैं चाहे आचरण में शामिल व्यक्ति हो या प्राप्तकर्ता एक कर्मचारी, प्रबंधक, विक्रेता, आपूर्तिकर्ता, ग्राहक, सलाहकार या आगंतुक कोई भी हो, यह सभी पर लागू होता है।

इसका अर्थ है कि हम ऐसे आचरण की अनुमति नहीं देते हैं:

- जिसमें भयभीत करने वाला, शत्रुतापूर्ण या आक्रामक कार्य वातावरण बनाने का उद्देश्य या प्रभाव हो या जो अन्यथा किसी व्यक्ति के रोज़गार के अवसरों पर प्रतिकूल प्रभाव डालता हो।
- जो स्पष्ट या अंतर्निहित रूप से यौन आचरण को किसी रोज़गार या पदोन्नति के निर्णय के नियम या शर्त के रूप में जोड़ता है

Thomson Reuters में कार्यस्थल में भेदभाव, उत्पीड़न, या डराना-धमकाना बर्दाश्त नहीं किए जाएँगे। यहाँ तक कि अगर स्थानीय कानून स्पष्ट रूप से इन क्रियाओं को निषिद्ध नहीं करता हो, तब भी हम अपने कर्मचारियों के लिए उच्च मानक रखते हैं।

उत्पीड़न और डराने-धमकाने के उदाहरण

उत्पीड़न के उदाहरणों में निम्न शामिल हो सकते हैं:

- गाली-गलौज, अपमानजनक टिप्पणी, फूहड़ चुटकुले, अपमान अश्लील भाषा, गुण सूचक नाम और चिढ़ाना
- अपमानजनक पोस्टर, प्रतीक, कार्टून, रेखा-चित्र, कंप्यूटर छवियाँ या ई-मेल प्रदर्शित करना

यौन उत्पीड़न के उदाहरणों में निम्न शामिल हो सकते हैं

- अवांछनीय प्रस्ताव, यौन प्रकृति की माँग करना या फ़ायदा उठाना
- अवांछनीय शारीरिक संपर्क जैसे कि गले लगाना, चूमना, पकड़ना, चिकोटी काटना, थपथपाना या किसी से सटना या रगड़ना
- किसी के शरीर या आकार पर अवांछनीय और अनुचित टिप्पणी, यौन इशारे करना या टिप्पणी करना या यौन प्रकृति के अवांछित मौखिक या शारीरिक पारस्परिक व्यवहार
- अवांछनीय अशिष्ट या अश्लील इशारे, भाषा या टिप्पणियाँ

डराने-धमकाने के उदाहरणों में निम्न शामिल हो सकते हैं:

- अपमान, धमकी या दुर्व्यवहार
- आक्रामक व्यवहार
- चिढ़ाना या व्यावहारिक मज़ाक
- किसी पर उसकी इच्छा के विरुद्ध कुछ करने के लिए दबाव डालना

सुरक्षित कार्यस्थल के लिए आवाज़ उठाना

अगर आप कार्यस्थल में अनुचित व्यवहार देखते हैं, तो आवाज़ उठाएँ और इसे अनदेखा न करें, भले ही व्यवहार में संलिप्त व्यक्ति प्रबंधक, विक्रेता, आपूर्तिकर्ता, ग्राहक, परामर्शदाता या आगंतुक कोई भी हो। अगर आप उस व्यक्ति के साथ सीधे व्यवहार को संबोधित करने में सहज महसूस करते हैं जो इसमें शामिल है, तो आप ऐसा कर सकते हैं। हालांकि, आपको ऐसा करने की कोई आवश्यकता नहीं है। किसी भी स्थिति में, आपको मानव संसाधन विभाग से संपर्क करना चाहिए या **मदद मांगें** (और सुरक्षा संचालन केंद्र, **(SOC)** से संपर्क करें,अगर आपको लगता है कि किसी विशेष स्थिति में उनका हस्तक्षेप आवश्यक है)।

अगर इस नीति का उल्लंघन करते पाए जाता है तो Thomson Reuters तुरंत और उचित कार्रवाई करेगा, जिसके परिणामस्वरूप अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा सकती है, जिसमें रोज़गार से निलंबन तक शामिल हैं।

प्रबंधक

हम और भी उच्च मानकों के लिए प्रबंधकों (जिसमें पर्यवेक्षक शामिल हैं) को ज़िम्मेदार ठहराते हैं और उन्हें कार्यस्थल में किसी भी अनुचित आचरण का पता चलने पर आवाज़ उठानी चाहिए या उसे संबोधित करना चाहिए, भले ही वे इसके बारे में अप्रत्यक्ष रूप से जानते हों या फिर व्यवहार के बारे में कोई विशिष्ट शिकायत प्राप्त न हुई हो।

बिंदुओं को जोड़ना

प्र मैंने देखा है कि हमारा एक ग्राहक अक्सर छोटी-मोटी यौन टिप्पणियाँ करता रहता है जो मेरी एक सहकर्मी को असहज बनाती हुई प्रतीत होती हैं। अगर उस सहकर्मी ने कंपनी को कभी भी इसकी शिकायत नहीं की है, तो क्या मैं कुछ कर सकता/ती हूँ? क्या हमें ग्राहक संबंध बनाए रखने के लिए ऐसे व्यवहार को स्वीकार करना चाहिए?

उ भले ही अगर लक्षित व्यक्ति ने ऐसे व्यवहार की शिकायत नहीं की हो, वे फिर भी असहज हो सकते हैं। आपको मानव संसाधन से बात करनी चाहिए। जबकि Thomson Reuters हमेशा ग्राहक संबंधों का ध्यान रखते हैं, पर हम नहीं चाहते कि हमारे कर्मचारी किसी असहज कार्य वातावरण में काम करें। कंपनी व्यवहार को दूर करने के लिए उचित कदम उठाएगी।

विविधता और समावेश शामिल करना

हम पर भरोसा किया जाता है . . .

...एक समावेशी कार्यस्थल और एक विविध कार्यबल को बढ़ावा देने के लिए जो उन विविध ग्राहकों और समुदायों का प्रतिनिधित्व करता है जिन्हें हम सेवा प्रदान करते हैं।

यह क्यों मायने रखता है

हम भागीदारी में सबसे बेहतर काम करते हैं। जब हमारे कार्यबल में कौशल, विशेषज्ञता और अनुभव की कोई कमी नहीं हो, तो यह सहकर्मी के रूप में एक-दूसरे के साथ और हमारे ग्राहकों के साथ भागीदारी करने की हमारी क्षमताओं को बढ़ाती है। हम जितना अधिक परिप्रेक्ष्य दे पाएँगे, नवाचार की संभावनाएँ उतनी अधिक होगी। सभी कर्मचारी जितना सम्मानित महसूस करेंगे और उनकी पूरी क्षमता से काम कर पाने के लिए स्वतंत्र महसूस करेंगे, हम सभी के बीच उतना अधिक विश्वास बढ़ेगा।

संक्षेप में, विविधता और समावेश के प्रति प्रतिबद्धता न केवल हमारे मूल्यों का सम्मान करती है बल्कि वैश्विक बाजार में हमारी प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त को भी बढ़ावा देती है।

हम कैसे काम करते हैं

विविधता

हम समावेशी कार्यस्थल को बढ़ावा देते हैं जहाँ सभी सहकर्मियों का सम्मान किया जाता है और उनकी पूर्ण क्षमता से काम कर पाने के अवसर दिए जाते हैं।

हम विचार, अनुभव और शैली सहित सभी प्रकार की विविधता को अपनाते हैं। हम जानते हैं कि यह नई खोज के लिए प्रेरित करता है और प्रतिस्पर्धात्मक लाभ प्रदान करता है।

इंट्रानेट पर वैश्विक विविधता और समावेशन

कार्यस्थलों को सुरक्षित, महफ़ूज़ और स्वस्थ बनाए रखना

हम पर भरोसा किया जाता है . . .

...एक ऐसा कार्य वातावरण सुनिश्चित करने के लिए जहाँ स्वास्थ्य, सुरक्षा और सुरक्षा सर्वोपरि हैं।

यह क्यों मायने रखता है

एक सुरक्षित और स्वास्थ्यवर्धक कार्यस्थल न केवल हमें नुकसान से बचाता है बल्कि विश्वास विकसित करता है, महंगी दुर्घटनाओं को रोकता है और एक ज़िम्मेदार कॉर्पोरेट नागरिक के रूप में कंपनी की प्रतिष्ठा को बढ़ाता है।

हम कैसे काम करते हैं

स्वास्थ्य और सुरक्षा

अपने कार्यस्थलों में खतरनाक स्थितियों को रोकने के लिए और हमारे सहकर्मियों, विक्रेताओं, आपूर्तिकर्ताओं, ग्राहकों और आगंतुकों की रक्षा करने के लिए, हम:

- सभी लागू व्यावसायिक और पर्यावरणीय स्वास्थ्य और सुरक्षा कानूनों के शाब्दिक अर्थ और उनकी भावना का अनुपालन करते हैं
- सभी सुरक्षा नीतियों और कार्य-प्रणालियों को समझते हैं और उनका पालन करते हैं
- कोई भी अनिवार्य या ऑन-द-जॉब प्रशिक्षण लेते हैं जो सुरक्षित रूप से नौकरी की जिम्मेदारियों को पूरा करने और कंपनी के उपकरणों का उपयोग करने की हमारी क्षमता में सुधार करता है
- खतरनाक सामग्रियों को सुरक्षित और कानूनी रूप से संभालने और निपटाने के तरीके जानते हैं
- आवश्यक है कि सभी ठेकेदार, विक्रेता और सहकर्मी सुरक्षा नियमों का पालन करें
- संभावित सुरक्षा उल्लंघनों की पहचान करते हैं और इन परिस्थितियों का समाधान करने के लिए कार्रवाई करते हैं
- सटीक और अप-टू-डेट सुरक्षा रिकॉर्ड बनाए रखते हैं

सुरक्षा

हम अपने कार्यस्थल में सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास करते हैं:

- हम अपनी सुविधाओं में सभी आवश्यक सुरक्षा प्रक्रियाओं और पहुँच नियंत्रणों का पालन करते हैं
- हम कोई संदेहास्पद या भयभीत करने वाली गतिविधि दिखने पर उसके लिए आवाज़ उठाते हैं
- हम सुरक्षा-संबंधी अभ्यासों और तैयारियों में हिस्सा लेते हैं

धमकियाँ, कार्यस्थलीय हिंसा और हथियार

हम अपने कार्यस्थल में हिंसा, धमकी या शत्रुता के कृत्यों या धमकियों को बर्दाश्त नहीं करते हैं, भले ही वे सहकर्मियों, विक्रेताओं, आपूतिकर्ताओं ग्राहकों या आगंतुकों पर निर्देशित हों। हम निम्न की भी अनुमति नहीं देते हैं:

- Thomson Reuters द्वारा पट्टे पर ली गई या स्वामित्व वाली किसी भी सुविधा में, Thomson Reuters–प्रायोजित कार्यों में या कंपनी के व्यवसाय पर हथियार या खतरनाक उपकरण की जब तक कि कानूनी रूप से अनुमति नहीं दी गई हो और वैश्विक/क्षेत्रीय सुरक्षा प्रमुख से पूर्व लिखित स्वीकृति नहीं ली गई हो।
- ऐसे व्यवहार जो किसी अन्य व्यक्ति को चोट पहुँचाए या चोट पहुँचा सकते हैं
- उत्पीड़न या धमकी देने वाले बयान देना या भेजना (चाहे इन संदेशों को कैसे भी भेजा गया हो)

REUTERS/सर्दजन जिवलोविच

- ऐसे व्यवहार जो किसी संपत्ति को नुकसान पहुँचाए या नुकसान पहुँचा सकते हैं
- किसी अन्य व्यक्ति का पीछा करना या उसकी निगरानी करना
- हिंसक कार्य करना या करने की धमकी देना

यह नीति काम के बाहर की गतिविधियों पर भी लागू हो सकती है, अगर वे कंपनी की प्रतिष्ठा या हितों या हमारे कर्मचारियों की सुरक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव डालते हैं। अगर आपको लगता है कि किसी को धमकी दी जा रही है या किसी के साथ हिंसा की जा रही है, इससे चिंतित है कि कोई व्यक्ति उसे या खुद को नुकसान पहुँचा सकता है या कुछ संदिग्ध देखते है, तो किसी सुरक्षित स्थान पर जाएँ, स्थानीय पुलिस को फ़ोन करें, आपातकालीन अधिकारियों के निर्देशों का पालन करें और **SOC और मानव संसाधन को कॉल करें**। अगर कोई जीवन के लिए खतरा वाली आपात स्थिति है, तो पहले स्थानीय पुलिस या आपातकालीन सेवाओं से संपर्क करें, फिर **SOC और मानव संसाधनसे संपर्क करें।**

TR कॉर्पोरेट सुरक्षा हादसा रिपोर्ट फ़ॉर्म
इंट्रानेट पर वैश्विक सुरक्षा
कार्यदिवस पर कार्यस्थल हिंसा निवारण नीति

बिंदुओं को जोड़ना

प्र मेरी एक घरेलू समस्या है जो मेरी निजी सुरक्षा को प्रभावित करती है। क्या मुझे कार्यस्थल पर इसका खुलासा करने की ज़रूरत है?

उ अगर आपकी घरेलू या निजी समस्या है जो कार्यस्थल में सुरक्षा पर लागू हो सकती है या प्रभावित कर सकती है (उदा., सुरक्षा का आदेश या निरोधक आदेश), तो आपको इसके बारे में मानव संसाधन और **SOC** को बताना चाहिए। यह न केवल आपकी बल्कि आपके सहकर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में मदद करने का सबसे अच्छा तरीका है। कार्यस्थलीय हिंसा रोकथाम नीति भी देखें।

ड्रग और शराब

ड्रग और शराब कार्यस्थल में सभी के लिए खतरनाक हो सकते हैं। Thomson Reuters अपने कार्यस्थलों में अवैध ड्रग्स रखने, उपयोग, खरीद, बिक्री, बिक्री के प्रयास, वितरण या निर्माण या गैरकानूनी ड्रग्स के प्रभाव में रहने की अनुमति नहीं देता है। साथ ही हम कार्यस्थल पर शराब, प्रिस्क्रिप्शन ड्रग्स या अन्य नशीले मादक द्रव्यों के दुष्प्रयोग या दुरुपयोग की अनुमति भी नहीं देते हैं, चाहे आपका कार्यस्थल कार्यालय में हो या रिमोट वर्किंग हो या आप कंपनी का व्यवसाय कर रहे हों।

इसका अर्थ है कि हम:

- ड्रग्स या शराब के नशे में होने पर काम करने न आएँ।
- Thomson Reuters के परिसर में या काम करते समय शराब न रखें या उपभोग न करें जब तक कि Thomson Reuters द्वारा विशिष्ट पूर्व अनुमति न दी गई हो।
- Thomson Reuters, किसी ग्राहक या ऐसे संगठन, जिसका हम सहयोग कर रहे हैं, द्वारा प्रायोजित किसी समारोह में शराब का सेवन करने के दौरान उचित निर्णय का उपयोग करें

इस नीति का उल्लंघन करने वाले कर्मचारियों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी, जिसमें निलंबन तक शामिल है। उल्लंघन करने से गिरफ़्तारी हो सकती है और कानून प्रवर्तन द्वारा मुकदमा चलाया जा सकता है, अगर ऐसे उल्लंघन में गैरकानूनी ड्रग्स या अन्य अवैध गतिविधियाँ शामिल हैं। जहाँ कानून द्वारा अनुमत है, Thomson Reuters इस नीति के अनुपालन की जांच करने के लिए उचित कदम उठाने का अधिकार सुरक्षित रखता है, इसमें कार्यस्थल में योग्य चिकित्सकीय पेशेवर द्वारा ड्रग और/या शराब का परीक्षण और खोज शामिल है लेकिन इस तक ही सीमित नहीं है।

अगर आपको लगता है कि कार्यस्थल में किसी व्यक्ति को मादक द्रव्यों के सेवन किए जाने से कोई समस्या हो सकती है या प्रभावित हो सकते हैं, तो अपने प्रबंधक या मानव संसाधन से संपर्क करें।

बिंदुओं को जोड़ना

प्र अगर मुझे मादक द्रव्यों के सेवन की समस्या है, तो क्या कंपनी मेरी किसी प्रकार से मदद कर सकती है?

उ Thomson Reuters में कई कर्मचारी कार्यक्रम चलाए जाते हैं जो सहायता कर सकते हैं। कृपया अपने स्थान में उपलब्ध सेवाओं के बारे में मानव संसाधन से पूछें।

REUTERS/मार्क ब्लिंच

विश्वास मायने रखता है
हमारे मार्केटप्लेस में

हितों के टकराव को पहचानना और उनसे बचना *24*

निष्पक्ष होकर और ईमानदारी के साथ व्यवहार करना *28*

हमारे वैश्विक बाज़ारों में काम करना *30*

हितों के टकराव को पहचानना और उनसे बचना

हम पर भरोसा किया जाता है . . .

...Thomson Reuters के सर्वोत्तम हित में कार्य करें और उन स्थितियों से बचें जो हमारे निर्णय से समझौता करती प्रतीत होती हैं।

यह क्यों मायने रखता है

जब भी हमारे व्यक्तिगत हित कंपनी के हितों में हस्तक्षेप करते हैं या हस्तक्षेप करते प्रतीत होते हैं, तो हितों का टकराव उत्पन्न हो सकता है। हितों के टकराव तब भी उत्पन्न हो सकते हैं अगर हम ऐसे कार्य करते हैं या ऐसे हित हैं जो हमारे लिए अपने काम को निष्पक्ष और प्रभावी ढंग से करना मुश्किल बना सकते हैं। अगर उस विश्वास का बंधन टूट जाता है जिसे हमने ग्राहकों और भागीदारों के साथ समय के साथ विकसित किया है, तो उन्हें फिर से बनाना मुश्किल हो सकता है। संभावित टकरावों को पहचानने और खुलासा करने या उससे बचने का तरीका जानकर, हम अपनी प्रतिष्ठा और व्यापार को प्रभावी ढंग से करने की हमारी क्षमता की रक्षा करते हैं।

हम कैसे काम करते हैं

हम हर समय वास्तविक या कथित हितों के टकराव से बचते हैं। इसका अर्थ है कि हम:

- उन स्थितियों की पहचान करने की ज़िम्मेदारी लेते हैं जो हमारे निर्णय से समझौता कर सकती हैं या समझौता करती दिख सकती हैं
- **मदद मांगें** अगर हमें किसी संभावित टकराव का संदेह होता है
- किसी भी संभावित टकराव की जानकारी लिखित में उपयुक्त प्रबंधक या मानव संसाधन को दें ताकि वे टकराव का समाधान कर सकें और/या कंपनी के वकील या एंटरप्राइज़ अनुपालन टीम को लिखित में स्पष्ट जानकारी दे सकें और जो भी निर्णय लिया जाए उसके अनुसार निरंतर कार्य करें
- किसी भी व्यावसायिक लेन-देन में कंपनी के हित को किसी भी व्यक्तिगत हित या लाभ से आगे रखें

यह ध्यान में रखें कि सभी टकराव निषिद्ध नहीं है। कुछ हितों के टकराव की अनुमति होती हैं अगर उसके बारे में बताया गया है और उसकी स्वीकृति दी गई हो। नीचे कुछ सबसे सामान्य क्षेत्रों के बारे में बताया गया है जहाँ हितों के टकराव उत्पन्न होते हैं।

रिश्तेदार और दोस्त

टकराव तब उत्पन्न हो सकता है अगर आपको या आपके किसी करीबी रिश्तेदार को अनुचित व्यक्तिगत लाभ (जैसे कि नकद, उपहार, मनोरंजन, सेवाएँ, छूट, ऋण या गारंटी) प्राप्त होता है या Thomson Reuters में आपके पद के परिणामस्वरूप Thomson Reuters द्वारा आपूर्तिकर्ता, सलाहकार या व्यावसायिक भागीदार के रूप में चुना गया है।

हम सभी को स्वयं को ऐसी स्थिति में ले जाने से बचना चाहिए जहाँ उन लोगों के हित हमारे निर्णय पर अनुचित प्रभाव डाल सकते हैं जिनके साथ हमारे करीबी रिश्ते हैं।

इसका अर्थ है कि हम निम्न से बचते हैं:

- प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से उन सहकर्मियों की निगरानी करना जिनके साथ हमारे करीबी रिश्ते हैं
- उनकी नियुक्ति और पदोन्नति में भाग लेना जिनके साथ हमारे करीबी रिश्ते हैं या उनके पारितोषिक, लाभ या अवसरों को प्रभावित करना अगर वे कंपनी में काम करते हैं
- ऐसे लेन-देन में भाग लेना जो Thomson Reuters और उन व्यवसायों के बीच हैं जिसका मालिकाना हक किसी ऐसे व्यक्ति के पास है या वहाँ कोई ऐसा व्यक्ति कार्यरत है जिसके साथ हमारे करीबी रिश्ते हैं। यह हितों का टकराव हो सकता है अगर आप या कोई ऐसा व्यक्ति जिसके साथ आपके करीबी रिश्ते हैं, किसी ग्राहक, आपूर्तिकर्ता या प्रतिस्पर्धीके 1% से अधिक के मालिक हों

REUTERS/तोबियस श्वार्ज़

बिंदुओं को जोड़ना

प्र संहिता एक "करीबी" संबंध को कैसे परिभाषित करती है?

उ संहिता के प्रयोजनार्थ, ऐसे लोग जिनके साथ आपका "घनिष्ठ" संबंध है, उनमें ऐसा कोई भी व्यक्ति शामिल हो सकता है जो आपके निर्णय को प्रभावित कर सकता है या आपके निर्णय को प्रभावित करता हुआ प्रतीत होता है, जैसे कि:

- एक जीवनसाथी,भागीदार, माता-पिता या वह व्यक्ति जिसे आप डेट कर रहे हैं
- निकटतम पारिवारिक सदस्य (माता-पिता, संतान, भाई-बहन, दादा-दादी या पोते-पोतियां)
- सास और ससुर, दामाद-बहू, साले और सालियां या देवर,जेठ और ननद
- चचेरे भाई/बहन, चाचा, चाचियां, भतीजे, भतीजियां
- कोई भी व्यक्ति जो एक ही घर में आपके साथ रहता है

बिंदुओं को जोड़ना

प्र मुझे लगता है कि मेरा प्रबंधक एक सहकर्मी के साथ प्रेम संबंध में है। क्या इसकी अनुमति है?

उ किसी प्रबंधक के लिए उसके किसी एक प्रत्यक्ष रिपोर्ट या किसी अन्य व्यक्ति, जो उसके समूह में अधीनस्थ है, के साथ प्रेम संबंध स्थापित करना अनुचित है। यहाँ तक कि अगर रिश्ते में दोनों की आपसी सहमति हो, तब भी किसी एक व्यक्ति का दूसरे पर प्रभावी पद में होने से हितों का टकराव हो सकता है। कोई भी चिंता मानव संसाधन को सूचित की जानी चाहिए।

कॉर्पोरेट अवसर

हम किसी भी ऐसे अवसर का फ़ायदा अपने लिए नहीं उठा सकते हैं जिसे कंपनी की संपत्ति, सूचना या अन्य संसाधनों के उपयोग के माध्यम से या कंपनी में हमारे पद के माध्यम से बनाया गया या खोजा गया था। इसका अर्थ है कि हम:

- कंपनी की संपत्ति, कंपनी की सूचना और हमारे पद का उपयोग केवल कंपनी के हितों को आगे बढ़ाने के लिए करते हैं और किसी निजी लाभ के लिए नहीं
- ऐसे उत्पाद, सेवा, आविष्कार या व्यवसाय कनेक्शन की पहचान करते हैं जिसमें Thomson Reuters की रुचि हो सकती है, और उसकी जानकारी कंपनी को देते हैं।

रोज़गार के बाहर

हम बाहरी रोज़गार केवल तभी लेते हैं जब वह हमारे फैसले या Thomson Reuters में हमारी नौकरी के कर्तव्यों को पूरा करने की क्षमता में हस्तक्षेप नहीं करता हैं। अपने प्रबंधक या एंटरप्राइज़ अनुपालन टीम को बाहरी रोज़गार का खुलासा करना ज़रूरी है और यह सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण है कि आपका पद TR में आपकी भूमिका या किसी भागीदार या ग्राहक के साथ हमारे काम में हस्तक्षेप या विरोध नहीं करता है। इसका अर्थ यह है कि Thomson Reuters के लिए काम करते समय, हम सभी:

- सुनिश्चित करें कि हमारा रोजगार या किसी अन्य कंपनी के साथ जुड़ाव Thomson Reuters में हमारे काम को प्रभावित नहीं करता है
- कोई काम स्वीकार न करें अगर इसके कारण हमें कंपनी की गोपनीय या स्वामित्व वाली जानकारी का अनुचित तरीके से खुलासा करना पड़े
- Thomson Reuters के साथ प्रतिस्पर्धा न करें या हमारे प्रतिस्पर्धी के लिए काम न करें
- कंपनी के संसाधनों या समय का उपयोग दूसरी नौकरी, निजी व्यवसाय, बोर्ड सदस्यता या नागरिक पदों के लिए काम करने के लिए न करें

Thomson Reuters की ओर से कानून की प्रैक्टिस करना

Thomson Reuters कानून की डिग्री वाले कई व्यक्तियों को नियुक्त करती है जिन्हें कानून की प्रैक्टिस करने के लिए लाइसेंस भी दिया जा सकता है। यह याद रखना महत्वपूर्ण है कि केवल जनरल काउंसल के कार्यालय (GCO) में कंपनी के वकील या जो GCO के निर्देशन और पर्यवेक्षण में काम कर रहे हैं, Thomson Reuters की ओर से कानून की प्रैक्टिस कर सकते हैं या कानूनी सलाह दे सकते हैं।

इसका अर्थ है कि Thomson Reuters में काम करते समय, कर्मचारी और ठेकेदार जो उपरोक्त मानदंडों को पूरा नहीं करते हैं, अन्य बातों के अलावा, ये नहीं कर सकते:

- Thomson Reuters की ओर से कोई वकील-क्लाइंट संबंध स्थापित करना
- जहाँ विशेष कानूनी कौशल की आवश्यकता होती है, वहां कानूनी सलाह या मार्गदर्शन प्रदान करना, जैसे कि जहाँ पर कानून की प्रैक्टिस करने के लिए अधिकार या क्षमता का एक निहित प्रतिनिधित्व है
- स्वयं को एक कंपनी वकीलके रूप में प्रस्तुत करना, जिसका अर्थ किसी भी व्यक्ति को यह इंगित करना है कि वे कंपनी की ओर से कानून की प्रैक्टिस करने के लिए सक्षम अधिकृत या उपलब्ध हैं

REUTERS/किम क्यूंग-हून

किसी अन्य कंपनी के बोर्ड में शामिल होना

कर्मचारियों को निजी पारिवारिक व्यवसायों और अन्य संगठनों के बोर्ड में सेवा करने की अनुमति है जिनका Thomson Reuters या हमारे व्यवसायों से कोई संबंध नहीं है। कर्मचारियों को किसी भी संगठन के बोर्ड में नियुक्ति स्वीकार करने से पहले एंटरप्राइज़ अनुपालन टीम से अनुमोदन प्राप्त करना होगा, जिसके हित Thomson Reuters के हितों के साथ संघर्ष कर सकते हैं। कोई भी कर्मचारी सार्वजनिक रूप से कारोबार करने वाली किसी अन्य कंपनी के निदेशक के रूप में तब तक काम नहीं कर सकता जब तक कि आपको Thomson Reuters के मुख्य अनुपालन अधिकारी से अनुमोदन प्राप्त न हो।

यदि आप निश्चित नहीं हैं कि आप Thomson Reuters की ओर से कानून की प्रैक्टिस करने के मानदंड को पूरा करते हैं या नहीं, तो कृपया एंटरप्राइज़ अनुपालन टीम से संपर्क करें।

संगठनात्मक हितों का टकराव

सरकार के साथ काम करते समय, हम ऐसी परिस्थितियों से बचते हैं जो Thomson Reuters को अनुचित प्रतिस्पर्धात्मक लाभ दे सकते हैं या जो व्यक्तिगत रूप से निष्पक्ष कार्य करने की हमारी क्षमता को प्रभावित कर सकते हैं। इसका अर्थ है कि हम:

- संयुक्त राज्य अमेरिका में संघीय अधिग्रहण अधिनियम (FAR) की सभी आवश्यकताओं का पालन करें और अन्य सभी देशों में समान नियमों का पालन करें जहाँ हम व्यवसाय करते हैं
- संगठनात्मक हितों के टकराव के किसी भी दावे को संबोधित करने और उसका समाधान करने के लिए सद्भावना के साथ काम करें

यह याद रखें कि कई टकराव या संभावित टकराव का वास्तव में हल निकाला जा सकता है अगर उनका समय रहते सही तरीके से खुलासा किया जाए। अगर आप कभी भी संभावित टकराव के बारे में अनिश्चित हैं तो, हितों के संभावित टकराव को संभालने में मार्गदर्शन के लिए **नैतिक निर्णय लेना** का संदर्भ लें, और **मदद मांगें**।

निष्पक्ष होकर और ईमानदारी के साथ व्यापार करना

हम पर भरोसा किया जाता है . . .

...उत्साह के साथ, न्यायपूर्ण तरीके से और खुले तौर पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए।

यह क्यों मायने रखता है

प्रतिस्पर्धी-विरोधी व्यवहार ग्राहकों को नुकसान पहुँचाते हैं और बाजारों को खराब करते हैं। ये प्रथाएं ग्राहकों और भागीदारों के मूलभूत विश्वास को नष्ट करके उनके साथ हमारे संबंधों को गंभीर रूप से नुकसान पहुंचाती हैं। प्रतिस्पर्धा और विश्वास-रोधी कानून प्रतिस्पर्धियों, ग्राहकों, आपूर्तिकर्ताओं या अन्य तृतीय पक्ष के साथ अनुबंध करने से रोकती है जो प्रतिस्पर्धा को सीमित करते हैं। हालांकि प्रतिस्पर्धा कानून जटिल और गतिशील होते हैं, फिर भी हमसे इस क्षेत्र के कानून को जानने की अपेक्षा की जाती है। अगर हम कानूनी रूप से कार्य करने में विफल रहते हैं, तो हम कंपनी की प्रतिष्ठा को चोट पहुँचा सकते हैं और Thomson Reuters और आप पर पर्याप्त जुर्माना लगाया जा सकता है और यहाँ तक कि आपराधिक मुकदमा तक चलाया जा सकता है।

हम कैसे काम करते हैं

निष्पक्ष व्यापार

हम अपने प्रतिस्पर्धियों, ग्राहकों, आपूर्तिकर्ताओं, भागीदारों और प्रतिभूति धारकों के साथ निष्पक्षता और सम्मान के साथ बर्ताव करते हैं। इसका अर्थ है कि हम:

- लागू कानूनों के शाब्दिक अर्थ और उनकी भावना का अनुपालन करते हैं
- केवल ऐसे उत्पादों, सेवाओं और समाधानों की अनुशंसा करते हैं जो हमें लगता है कि प्रत्येक ग्राहक की आवश्यकताओं के अनुरूप हैं।
- सभी अनुबंधों में पारदर्शी और निष्कपट बने रहते हैं
- योग्यता और स्पष्ट रूप से निर्धारित मानदंडों के आधार पर अनुबंध प्रदान करते हैं
- सटीक और समयबद्ध दस्तावेज़ीकरण प्रदान करते हैं
- जो भी वादा करते हैं उसे पूरा करते हैं
- विज्ञापन और विपणन दावों में, अतिशयोक्ति, गलत प्रस्तुतिकरण और अस्पष्टता से बचते हुए उनमें ईमानदार और सटीक हैं
- तुलनात्मक दावे करते समय विशेष ध्यान देते हैं और किसी प्रतिस्पर्धी के उत्पादों या सेवाओं की निंदा या गलत तरीके से आलोचना नहीं करते हैं
- गैरकानूनी या अनैतिक तरीकों से प्रतिस्पर्धी खुफिया जानकारी एकत्रित नहीं करते हैं (देखें **प्रतिस्पर्धी इंटेलिजेंस**)

प्रतिस्पर्धा और विश्वास-रोधी

हम उन सभी प्रतिस्पर्धा और विश्वास-रोधी कानूनों का पालन करते हैं जो हम पर लागू होते हैं, यहां तक की ऐसी परिस्थितियों से बचते हैं जिससे हम कभी भी इन कानूनों का उल्लंघन करते हुए दिखे। इसका अर्थ है कि हम निम्न पर प्रतिस्पर्धियों के साथ कोई चर्चा नहीं करते हैं:

- मूल्य-निर्धारण
- बिक्री के अवसरों या क्षेत्रों का विभाजन
- एक दूसरे के ग्राहकों को न ललचाने के लिए सहमत हों
- किसी निश्चित ग्राहक, आपूर्तिकर्ता या विक्रेता का बहिष्कार करना या उसको किसी विशेष उत्पाद को बेचने से मना करना
- बोलियों में छल करना
- मूल्य निर्धारण, मुनाफ़ा, लागत, बिक्री की शर्तों, क्रेडिट शर्तों, ग्राहकों, छूट, प्रचार, विपणन या कूटनीतिक योजनाओं, विलय और अधिग्रहण या किसी अन्य संवेदनशील जानकारी के बारे में गोपनीय जानकारी साझा करना

क्योंकि प्रतिस्पर्धा और विश्वास-रोधी कानून बहुत जटिल होते हैं और हर देश में कुछ अपवाद और विविधताएँ होती हैं अलग-अलग देशों में, ऐसा कोई भी कदम उठाने से पहले आपको एंटरप्राइज़ अनुपालन टीम से संपर्क करना चाहिए जिसे प्रतिस्पर्धा-विरोधी माना जा सकता है।

REUTERS/बीआविहार्टा

प्रतिस्पर्धात्मक इंटेलिजेंस नीति, प्रतिस्पर्धा दिशानिर्देश, बेहतर दस्तावेज़ निर्माण उचित रूप से प्रतिस्पर्धा करने संबंधी फ्लायर्स और अन्य के लिए **इंट्रानेट पर कानूनी और अनुपालन** का संदर्भ लें।

कार्रवाई करने से पहले सलाह लें

हम अक्सर ग्राहकों, आपूर्तिकर्ताओं और वितरकों के साथ अनुबंधों पर बातचीत करते हैं। विश्वास-रोधी मुद्दों से बचने के लिए, निम्न करने से पहले कंपनी के वकील से सलाह लें:

- प्रतिस्पर्धियों को दूर रखने या अनुचित बाधा डालने के लिए ग्राहक मूल्य निर्धारण (जैसे कि अत्यधिक छूट) या लाइसेंस शर्तों का उपयोग
- कुछ भी लागत से कम में बेचना
- किसी भी उत्पाद, सेवा की बिक्री या उस पर छूट को किसी अन्य उत्पाद से जोड़ना
- कोई अद्वितीय सौदा या लॉक-इन अनुबंध करना
- समान उत्पादों के लिए ग्राहकों, आपूर्तिकर्ताओं या वितरकों के साथ असमान व्यवहार करना
- किसी वितरक को ऐसी शर्तों के अनुसार प्रतिबंधित करना कि वे किसे बेच सकते हैं और किस कीमत पर बेच सकते हैं या Thomson Reuters पर ऐसे ही किसी प्रतिबंध से सहमत हैं जहाँ हम तृतीय पक्ष के उत्पादों या सेवाओं को पुनः बेचते हैं
- कोईगैर-प्रतिस्पर्धा या अन्य समान प्रतिबंध लागू करना, या Thomson Reuters पर ऐसे ही किसी प्रतिबंध को स्वीकार करना

बिंदुओं को जोड़ना

प्र मैंने हाल ही में एक सम्मेलन में भाग लिया था और प्रतिस्पर्धी के एक कर्मचारी ने मेरे साथ एक नए उत्पाद के बारे में बातचीत की, जिसे उन्होंने अभी-अभी लॉन्च किया है। उसने कीमत या मुनाफ़े के बारे में कुछ नहीं बताया, लेकिन मुझे असहज महसूस हुआ। ऐसी परिस्थिति में मुझे क्या करना चाहिए?

उ अगर आप प्रतिस्पर्धी के साथ हुई किसी भी बातचीत को लेकर असहज महसूस करते हैं, तो उस बातचीत से जितनी जल्दी और यथासंभव शिष्टाचारपूर्वक बाहर निकल जाना सर्वोत्तम है। याद रखें, भले ही कर्मचारी ने मूल्य निर्धारण या अन्य संवेदनशील जानकारी के बारे में नहीं बताया हो, लेकिन हो सकता है उसने कुछ ऐसा कहा हो जो बातचीत सुन रहे किसी व्यक्ति के लिए विश्वास-रोधी कानूनों का उल्लंघन प्रतीत हो। अगर आपको अधिक स्पष्टीकरण की आवश्यकता है या इसकी पुष्टि करना चाहते हैं कि ऐसा कुछ भी नहीं हुआ जिसे उल्लंघन या उल्लघंन करने की कोशिश करना समझा जाए, तो कंपनी के वकील से संपर्क करें।

हमारे वैश्विक बाज़ारों में काम करना

हम पर भरोसा किया जाता है . . .

.....व्यापार अर्जित करने के लिए, रिश्वत या अन्य भ्रष्ट प्रथाओं पर नहीं, बल्कि हमारे प्रदर्शन और नवाचार पर भरोसा करते हुए, वैश्विक बाजार में ज़िम्मेदार नागरिकों के रूप में कार्य करने के लिए।

यह क्यों मायने रखता है

रिश्वतखोरी, भ्रष्टाचार और अवैध भुगतान का हमारे समाज पर बहुत ही गहरा असर पड़ता है। ये अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुँचा सकते हैं, सरकारों को अस्थिर कर सकते हैं और सार्वजनिक विश्वास को कमजोर कर सकते हैं। इन प्रकार के कार्यों के परिणामस्वरूप Thomson Reuters को अनुबंधों पर बोली लगाने से प्रतिबंधित किया जा सकता है। इसके अलावा, ये व्यक्तिगत और कंपनी दोनों पर जुर्माना यहाँ तक कि कारावास का कारण बन सकते हैं। दुनिया भर में काम कर रहे हजारों पेशेवरों की एक टीम के रूप में, जब भी हमें कोई रिश्वत लेते और भ्रष्टाचार करते हुए दिखे, उसके खिलाफ़ लड़ने के लिए हमारे पास ताकत है और यह हमारा दायित्व भी है। उन व्यावसायिक भागीदारों को इस ज़िम्मेदारी में सम्मिलित करके जिनके साथ हम हर दिन कार्य करते हैं, हम Thomson Reuters की प्रतिष्ठा को मजबूत करते रहेंगे। हम उन समुदायों की भी रक्षा करते हैं जहाँ हम काम करते हैं और प्रतिस्पर्धा को प्रोत्साहित करते हैं, क्योंकि हमें व्यक्ति और कंपनी के रूप में हमारे प्रदर्शन की योग्यता के आधार पर जीत हासिल करनी चाहिए।

हम कैसे काम करते हैं

रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार विरोधी

हम किसी भी रूप में रिश्वत या भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं करते हैं। यह नीति सार्वजनिक और निजी दोनों क्षेत्रों पर लागू होती है। हम यह सुनिश्चित करने के लिए उचित कदम उठाते हैं कि जिन व्यावसायिक भागीदारों को हम नियुक्त करते हैं वे हमारी ओर से काम करते समय कोई अवैध या अनैतिक कार्य में शामिल न हो। हम Thomson Reuters के सभी व्यावसायिक भागीदारों से इन मानकों के अनुरूप काम करने की अपेक्षा करते हैं, यह समझते हुए किए उनके कार्यों के लिए हम उत्तरदायी हो सकते हैं, जो भी – अच्छा या बुरा – कंपनी पर परिलक्षित होता है। इसका अर्थ है कि हम:

- घूस या रिश्वत की पेशकश या स्वीकार नहीं करते हैं
- किसी सुविधा शुल्क या "बख्शीश" का भुगतान नहीं करते हैं, भले ही अनुरोधित देश में वह कानूनी रूप से सही हो
- अगर हमें रिश्वत की पेशकश की जाती है, रिश्वत लेने के लिए पूछा जाता है या सुविधा शुल्क का भुगतान करने के लिए कहा जाता है, तो इसकी रिपोर्ट अपने प्रबंधक और अपनी एंटरप्राइज़ अनुपालन टीम को करते हैं
- केवल उचित आतिथ्य और व्यावसायिक खर्चों की पेशकश करें या स्वीकार करें
- सभी भुगतानों और प्राप्तियों को ईमानदारी और सटीक रूप से रिकॉर्ड रखें
- व्यावसायिक भागीदारों को शामिल करने से पहले जोखिम का एक स्तर पर यथोचित आकलन करते हैं

REUTERS/एडगर सू

- हमारे व्यापार संबंधों की शुरुआत में और उसके बाद उचित रूप से व्यापार भागीदारों को हमारी रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार विरोधी नीति के बारे में बताएं
- भुगतानों या सेवाओं के अस्पष्ट वर्णन, स्वीकृति के बदले भुगतान अनुरोध, अधिक-इनवॉइस या गलत इनवॉइस के संकेत सहित, लाल झंडों पर कड़ी निगाह रखें
- अगर हमें पता चलता है कि किसी व्यावसायिक भागीदार ने हमारे मानकों का उल्लंघन किया है, तो उपयुक्त रूप से व्यावसायिक संबंधों को कम या समाप्त कर देते हैं
- रिपोर्ट करें अगर किसी भी उल्लंघन या चिंता के बारे में जानते हैं या संदेह है

अगर रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार के बारे में आपके पास कोई प्रश्न है, तो
मदद मांगें.

रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार विरोधी नीति

इंट्रानेट पर बिक्री और सरकारी व्यावसायिक भागीदारों से संबंधित नीति का प्रबंधन करना

सरकारी अधिकारियों की पहचान करना

रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार पर हमारी नीति सार्वजनिक और निजी दोनों क्षेत्रों पर लागू होती है। हालांकि, सरकारी अधिकारियों के साथ लेन-देन सख्त नियमों और विनियमों के कारण अत्यधिक जोखिम भरे होते हैं, जो कि अक्सर सरकारी अधिकारी को कुछ भी मूल्यवर्धक देने पर लागू होते हैं। कुछ सरकारी अधिकारियों की पहचान करना आसान होता है, लेकिन सभी को नहीं। सरकारी अधिकारियों में निम्न शामिल हो सकते हैं:

- निर्वाचित अधिकारी
- कानून प्रवर्तन अधिकारी
- कस्टम अधिकारी
- इंस्पेक्टर
- सरकारी सुविधाओं के कर्मचारी
- सैन्य अधिकारी और सहायता टीम
- सार्वजनिक उपयोगिता कर्मचारी
- सरकारी-स्वामित्व या नियंत्रित निकायों के कर्मचारी, जैसे कि कुछ तेल कंपनियाँ, विश्वविद्यालय और मीडिया कंपनियाँ

रिश्वतखोरी के कई रूप

रिश्वत किसी भी मूल्यवान वस्तु का रूप ले सकती है जो अनुकूल व्यवहार के लिए, किसी के बदले में या किसी पुरस्कार के रूप में पेशकश की जा रही है या दी जा रही है। ऐसी कई व्यावसायिक बातचीत हैं जो अनुकूल व्यवहार प्राप्त करने के इरादे से प्रेरित होने पर वैध से भ्रष्ट हो सकती हैं, जिसमें प्रदान करना या स्वीकार करना शामिल है:

- नकद राशि (या उसके समकक्ष वस्तुएँ जैसे कि शेयर)
- सुविधा शुल्क भुगतान
- अनुचित उपहार, मनोरंजन या आतिथ्य
- अस्पष्टीकृत या अत्यधिक कटौती, छूट या कमीशन
- ऋण
- छद्म खर्चों के लिए इनवॉइस
- व्यक्तिगत उपयोग के लिए अत्यधिक वस्तुएँ और सेवाएँ
- Thomson Reuters की सेवाओं या सुविधाओं का मुफ़्त उपयोग
- उपकार (जैसे कि रिश्तेदार की नियुक्ति)
- चैरिटेबल दान
- वैतनिक या अवैतनिक इंटर्नशिप
- नौकरी की पेशकश या भावी रोज़गार का वादा

बिंदुओं को जोड़ना

प्र सुविधा शुल्क या "बख्शीश" भुगतान क्या होता है?

उ कोई सुविधा शुल्क या "बख्शीश" भुगतान किसी कार्रवाई, जैसे कि वीज़ा प्रसंस्करण, परमिट जारी करना या कोई उपयोगिता सेवा प्रदान करना, को बिना रुकावट नियमित रूप से करने के लिए सरकारी कर्मचारी को दी गई एक छोटी राशि होती है। इसमें आधिकारिक भुगतान शामिल नहीं हैं, जैसे कि वे भुगतान जिसके लिए किसी सरकारी एजेंसी द्वारा सभी के लिए समान रूप से उपलब्ध किसी सेवा के लिए शुल्क प्रकाशित की गई है और उसकी रसीद दी जाती है। Thomson Reuters अपने कर्मचारियों और प्रतिनिधियों को सुविधा शुल्क का भुगतान करने से रोकता है, भले ही ऐसा करना उस देश में कानूनी रूप से सही हो जहाँ भुगतान किया जा रहा है। अगर आप अनिश्चित हैं कि कुछ सुविधा शुल्क भुगतान के दायरे में आता है या नहीं या अगर आपको लगता है कि ऐसे भुगतान वैध व्यापार लक्ष्यों को आगे बढ़ाने के लिए आवश्यक है, तो आपको **मदद मांगनी चाहिए।** इसी तरह, अगर आपकी स्वाधीनता या सुरक्षा की रक्षा करने के लिए सुविधा शुल्क का भुगतान करना ज़रूरी है, तो जल्द से जल्द अपने प्रबंधक को सूचित करें और जान लें कि ऐसी असाधारण घटनाओं को नीति उल्लंघन के रूप में नहीं माना जाएगा।

उपहार और मनोरंजन

हम अनुचित प्रभाव की संभावना तक से बचने के लिए उपहार देने और प्राप्त करने में हमारे सर्वश्रेष्ठ अनुमान का उपयोग करते हैं। इसका अर्थ है कि हम:

- सुनिश्चित करते हैं कि वे सभी उपहार, भोजन, सेवाएँ और मनोरंजन जो हम देते हैं या प्राप्त करते हैं वे यदाकदा ही होते हैं और अधिक मूल्य के नहीं होते
- जहाँ पर भी हम व्यवसाय करते हैं वहाँ के लागू कानूनों और विनियमों का अनुपालन करते हैं
- नकद उपहार देने या स्वीकार करने से मना करते हैं
- मना करें कुछ ऐसे नकद समतुल्य (उदा. गिफ्ट कार्ड्स, गिफ्ट सर्टिफिकेट्स और मानदेय) देने या स्वीकार करने से, जो $100.00 (USD) से अधिक के होते हैं, जब तक कि आपके प्रबंधक, मानव संसाधन या एंटरप्राइज़ अनुपालन टीम द्वारा अनुमोदित नहीं है
- कोई भी ऐसी मूल्यवान चीज़ न तो दें और न लें जो किसी व्यक्ति को किसी निश्चित तरीके से कार्य करने के लिए अनुचित रूप से बाध्य करती हों या उसे सार्वजनिक किए जाने पर किसी भी पक्ष को शर्मिंदा होना पड़ सकता हो
- जानें कि जब कोई सरकारी अधिकारी शामिल होता है, तो अपनी एंटरप्राइज़ अनुपालन टीम की पूर्व स्वीकृति के बिना हम उपहार, भोजन, सेवा या मनोरंजन की पेशकश या उसे स्वीकार नहीं कर सकते हैं
- हम किसी भी मामले में, किसी सरकारी अधिकारी के द्वारा किसी आधिकारिक कार्य के लिए उपहार और यात्रा सहित किसी भी मूल्यवान वस्तु को संबद्ध नहीं करेंगे
- ऐसी प्रासंगिक उपहार नीतियों के बारे में जानें जो हमारी व्यावसायिक इकाइयों को नियंत्रित करती हैं (और याद रखें कि कुछ की नीतियाँ अधिक प्रतिबंधात्मक हो सकती है) और उनकी नीतियों के बारे में भी जानें जो हमसे उपहार प्राप्त कर सकते हैं और सुनिश्चित करें कि उन नीतियों का उल्लंघन नहीं किया जाए। आवश्यक हो तो अपनी एंटरप्राइज़ अनुपालन टीम से बात करें
- समझते हैं कि कुछ देशों में, उपहार वापस लेना या अस्वीकार करना अपमानजनक हो सकता है और ऐसी परिस्थितियों में, हम Thomson Reuters की ओर से उपहार स्वीकार कर सकते हैं और हमारे प्रबंधक से परामर्श लेते हैं कि उपहार के साथ क्या किया जाए

अगर आपके पास इससे संबंधित कोई प्रश्न है कि संहिता के तहत कोई उपहार, भोजन, सेवा या मनोरंजन स्वीकार्य होगा या नहीं, तो **मदद मांगें।**

रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार विरोधी नीति

एक स्वीकार्य उपहार क्या है?

यह निर्धारित करने के लिए कि क्या "अत्यधिक मूल्य का नहीं है" आपके सद्भावनापूर्ण निर्णय की आवश्यकता होती है। परिस्थितियों के आधार पर इसमें परिवर्तन हो सकता है।

सामान्यतः स्वीकार्य उपहार और मनोरंजन में निम्न शामिल होते हैं:

- कंपनी के लोगो वाले प्रोमोशनल आइटम
- व्यवसाय किए जाते समय साधारण मूल्य के भोजन और मनोरंजन
- किसी स्थानीय खेल या सांस्कृतिक आयोजन के लिए नियमित टिकट
- नाममात्र मूल्य के उपहार जो सामान्यतः राष्ट्रीय अवकाश के अवसर पर दिए जाते हैं
- रैफ़ल्स, प्रतियोगिता या औद्योगिक कार्यक्रम के माध्यम से बेतरतीब ढंग से दिए गए या प्राप्त पुरस्कार

अस्वीकार्य उपहार और मनोरंजन में सामान्यतः निम्न शामिल होते हैं:

- नकद या कुछ नकद के समतुल्य
- इवेंट, यात्राएँ या यहाँ तक कि भोजन जिसका कोई स्पष्ट व्यावसायिक उद्देश्य नहीं हो
- किसी सरकारी अधिकारी को दी गई या उससे प्राप्त कोई भी मूल्यवान वस्तु

निर्णय मायने रखता है

अगर आप निश्चित नहीं हैं कि आपको उपहार देना या स्वीकार करना चाहिए या नहीं, तो अपने आप से ये पूछें:

- उपहार देने के पीछे क्या मंशा है?
- अगर किसी और को इसके बारे में पता चलेगा तो क्या आप असहज या शर्मिंदगी महसूस करेंगे?
- क्या उपहार कार्यस्थल के बाहर दिया जा रहा है ताकि दूसरों को इसके बारे में पता न चले?
- क्या प्राप्तकर्ता के पास ऐसी नीति है जो इसे प्रतिबंधित करेगी?
- क्या उपहार दस्तावेज़ों द्वारा समर्थित है?
- क्या यह सही लग रहा है? क्या कुछ सही नहीं लग रहा है?

बिंदुओं को जोड़ना

प्र हमने सरकारी अनुबंध को हासिल करने में हमारी मदद करने के लिए स्थानीय एजेंट को काम पर रखा है जिसके अच्छे संबंध हैं। वह उस सरकारी आधिकारी को महंगी शराब की एक बोतल देना चाहता है जिसने अनुबंध पर हस्ताक्षर किया था और उसका कहना है कि ऐसा करने की प्रथा है। क्या इस वजह से हम किसी कठिनाई में पड़ सकते हैं?

उ हां. Thomson Reuters को एजेंटों के कार्यों के लिए ज़िम्मेदार ठहराया जा सकता है जिन्हें हमने नियुक्त किया है। आपको शुरू से ही एजेंट को बता देना चाहिए कि किसी सार्वजनिक अधिकारी को कोई उपहार न दे। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि इस तरह के किसी व्यक्ति को शामिल करने से पहले, एजेंट की यथोचित छानबीन करना महत्वपूर्ण है और एक अनुबंधीय आश्वासन लें कि Thomson Reuters की ओर से कोई गलत भुगतान नहीं किया जाएगा।

प्रतिबंध, व्यापार प्रतिरोध और निर्यात नियंत्रण

प्रतिबंध और निर्यात नियंत्रण बेहद जटिल हो सकते हैं और कभी भी बदले जा सकते हैं। ऐसे संसाधन और जानकारी प्रदान करने के लिए पहचाने जाने वाले एक कंपनी के रूप में, जो हमारे भागीदारों को कठिन कानूनी प्रश्नों को नेविगेट करने में सक्षम बनाते हैं, इसलिए यह अति आवश्यक है कि हम इन कानूनों और विनियमों को समझें और उनका पालन करें। यही कारण है कि हमें हम पर लागू सभी निर्यात प्रतिबंधों का पालन करना चाहिए।

इसका अर्थ है कि हम:

- समझते हैं कि हमारी व्यक्तिगत भूमिका क्या है, जब दुनिया के विभिन्न हिस्सों में संभावित ग्राहकों और व्यावसायिक भागीदारों के साथ व्यवसाय करते हैं, जिनमें हमारी प्रत्येक व्यवसाय लाइनों में लागू होने वाले व्यापार अनुपालन कानून शामिल हैं
- प्रतिबंधित या व्यापार प्रतिरोध वाले देशों की सूची को जानते हैं (देखें **इंट्रानेट पर व्यापार नियंत्रण और प्रतिबंध**)
- भागीदारों, ग्राहकों और संभावित ग्राहकों पर यथोचित छानबीन अपनाते हैं
- विदेशी संपत्ति नियंत्रण के राज्य-कोष कार्यालय का यू.एस. विभाग की विशेष रूप से नामित नागरिकों और अवरुद्ध व्यक्तियों की सूची (आमतौर पर "OFAC SDN" के रूप में जाना जाता है) और अन्य देशों में उपलब्ध इसी प्रकार की सूची के खिलाफ व्यवस्थित रूप से संभावित और मौजूदा ग्राहकोंऔर भागीदारी को स्क्रीन करते हैं
- प्रतिबंधित संगठन या व्यक्ति के साथ अनधिकृत व्यवसाय नहीं करते हैं
- हमारे द्वारा निर्यात किए जा रहे उत्पादों या सेवाओं के लिए उचित प्रक्रियाओं को जानते हैं
- रेड फ़्लैग से सतर्क रहते हैं, जैसे कि कई खातों के माध्यम से किए गए भुगतान, विषम समय पर या विषम राशि का भुगतान करने के अनुरोध, और ऐसे प्रपत्रों में धनवापसी के अनुरोध जो मूल रूप से इस्तेमाल किए गए भुगतान से भिन्न होते हैं

अगर प्रतिबंध या निर्यात नियंत्रण के बारे में आपके पास कोई प्रश्न है, तो **मदद मांगें।**

इंट्रानेट पर व्यापार नियंत्रण हैंडबुक और नीतियां

REUTERS/जेसन ली

बिंदुओं को जोड़ना

प्र हाल ही में, मेरे एक ग्राहक ने पूछा कि क्या प्रतिबंधित देश में काम करने वाले उनके संगठन के कुछ कर्मचारी हमारे किसी एक ऑनलाइन सॉफ़्टवेयर उत्पाद की सदस्यता ले सकते हैं। क्या हम उन्हें सब्सक्राइबर के रूप में जोड़ सकते हैं क्योंकि हम भौतिक उत्पाद निर्यात नहीं करेंगे?

उ अधिक संभावित रूप से नहीं। निर्यात में सॉफ़्टवेयर के साथ ही हार्डवेयर और उपकरण को भी नियंत्रित किया जाता है। यह भी प्रतीत होता है कि आपका ग्राहक उस प्रतिबंधित देश के व्यक्तियों या संस्थाओं का प्रतिनिधित्व कर सकता है। कोई कार्रवाई करने से पहले **मदद मांगें**।

हवाला विरोधी (एंटी-मनी लॉन्ड्रिंग)

हवाला एक ऐसी प्रक्रिया है जिसके तहत आपराधिक गतिविधियों (जैसे आतंकवाद, नशीली दवाओं के व्यापार या धोखाधड़ी) के माध्यम से उत्पन्न धनराशि को वाणिज्यिक लेनदेन के जरिए संसाधित किया जाता है ताकि आय के स्रोत को छुपाया जा सके, रिपोर्टिंग की आवश्यकताओं से बचा जा सके या करों से बचा जा सके। हम सभी हवाला विरोधी (एंटी-मनी लॉन्ड्रिंग) और आतंकवाद-विरोधी वित्तपोषण कानूनों का पालन करते हैं जो हमारे लिए लागू होते हैं और हवाला की अनदेखी नहीं करते हैं या सुविधा नहीं देते हैं। इसका अर्थ है कि हम:

- उनको जानने और समझने के महत्व पर जोर देते हैं जिनके साथ हम व्यापार करते हैं ("अपने ग्राहक को जानें"), हवाला के संभावित मामलों के लिए सतर्क रहते हैं और किसी भी संदिग्ध गतिविधि के बारे में तुरंत कंपनी के वकील को सूचित करते हैं (संलिप्त तृतीय पक्ष को सूचित किए बिना)। ग्राहकों या संभावितों द्वारा संदिग्ध गतिविधि में निम्न शामिल हो सकते हैं:
  - बुनियादी जानकारी या दस्तावेज़ प्रदान करने की अनिच्छा या झूठी जानकारी या दस्तावेज़ प्रदान करना
  - शेल कंपनियों (बिना व्यावसायिक उद्देश्य वाली कंपनियाँ) या जटिल या असामान्य संरचनाओं का उपयोग करना, विशेषकर एकाधिक उच्च-जोखिम क्षेत्राधिकारों के भीतर
  - Thomson Reuters से उन्हें गोपनीयता प्रदान करने का अनुरोध करना
- यह स्वीकार करें कि हमारी विनियमित संस्थाओं के दायित्व बढ़ गए हैं और हममें से जो उन व्यवसायों में या उनकी ओर से काम कर रहे हैं, उन्हें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हम इन दायित्वों को समझते हैं और उनका पालन करते हैं।

इस पृष्ठ को जानबूझकर खाली छोड़ा गया है।

REUTERS/अली जारेकजी

हमारी संपत्तियों और जानकारी में *विश्वास मायने रखता है*

हमारी और दूसरों की बौद्धिक संपदा का सम्मान करना *38*

गोपनीय जानकारी और डेटा गोपनीयता को सुरक्षित रखना *42*

जानकारी और संचार सिस्टम का ज़िम्मेदारी के साथ उपयोग करना *46*

हमारी संपत्तियों की सुरक्षा करना *48*

हमारी और दूसरों की बौद्धिक संपदा का सम्मान करना

हम पर भरोसा किया जाता है ...

...दुरुपयोग से खिलाफ सभी बौद्धिक संपदाओं की रक्षा करने के लिए भरोसा किया जाता है, चाहे वह Thomson Reuters की संपति हो या किसी और की।

यह क्यों मायने रखता है

बौद्धिक संपदा हमारे व्यवसाय के जीवन का आधार है। उन सिस्टम और डेटाबेस से जिन्हें अपने ग्राहकों को सूचना के साथ सशक्त बनाने लिए हमने बनाया है, उन समाचारों तक जो हम जनता के लिए लिखते हैं, उन प्रक्रियाओं तक जिनका हम अपने कार्यस्थलों में उपयोग करते हैं, बौद्धिक संपदा हमारी कंपनी की पहचान के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। यह जानते हुए कि यह हमारे लिए और दूसरों के लिए कितना महत्वपूर्ण है, बौद्धिक संपदा की रक्षा करना जो हम बनाते हैं और सभी बौद्धिक संपदाओं को अनुचित उपयोग से बचाए रखना हमारा विशेष दायित्व है। ऐसा करके, हम अपनी कंपनी, हमारे सहकर्मियों और स्वयं को नई खोज करने और मार्केटप्लेस को जीतने की सर्वोत्तम स्थिति में ले जाते हैं।

हम कैसे काम करते हैं

हम यह पहचानते हैं कि कब बौद्धिक संपदा Thomson Reuters से संबंधित होनी चाहिए और उसे सुरक्षित रखने के लिए सभी आवश्यक कार्रवाई करते हैं। इसका अर्थ है कि हम:

- कानून द्वारा अनुमत सीमा तक, सहमत हैं कि Thomson Reuters के पास सभी बौद्धिक संपदा (और संबंधित अधिकार) का मालिकाना हक है जिन्हें हमने अपने रोज़गार के दौरान बनाया है, चाहे उन्हें हम कार्यालय में, घर में या अन्यत्र कहीं बनाते हैं, अगर वे कंपनी के व्यवसाय से संबंधित हैं या कंपनी संसाधनों के साथ बनाया गया है
- हम अपने सभी नैतिक अधिकारों को Thomson Reuters के लिए छोड़ देते हैं या असाइन करते हैं जो बौद्धिक संपदा लागू कानून के तहत हमारे हो सकते हैं जिन्हें कर्मचारी के रूप में हमने बनाया है
- कर्मचारियों के रूप में हमारे द्वारा बनाए गए किसी भी तरीके, प्रणालियों, प्रक्रियाओं, डिजाइनों, विचारों या अन्य पेटेंट योग्य कार्यों का तुरंत खुलासा करें ताकि कंपनी उनकी सुरक्षा के लिए कदम उठा सके।
- कंपनी के कॉपीराइट, पेटेंट, ट्रेडमार्क या अन्य बौद्धिक संपदा के किसी भी अनधिकृत उपयोग की रिपोर्ट जिससे हम अवगत है,किसी कंपनी के वकील से करें
- सभी Thomson Reuters सामग्रियों, सूचनाओं, सेवाओं या सार्वजनिक वितरण के लिए अभिप्रेत अन्य उत्पादों पर कॉपीराइट नोटिस दें

नैतिक अधिकार क्या होते हैं?

नैतिक अधिकार बौद्धिक संपदा से संबंधित अधिकार होते हैं, और इनमें निर्माता के रूप में मान्यता प्राप्त करने का अधिकार और बनाए गए किसी भी कार्य की अखंडता का अधिकार शामिल होते हैं। इस संहिता में छूट या असाइनमेंट को यह सुनिश्चित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है कि Thomson Reuters आपके द्वारा Thomson Reuters के साथ आपके रोज़गार के दौरान बनाए गए कार्यों से संबंधित कोई भी कार्रवाई कर सकता है।

REUTERS/अथित पेरावोंगमेथा

दूसरों की बौद्धिक संपदा

हम प्रतिस्पर्धियों सहित तृतीय पक्षों के बौद्धिक संपदा का सम्मान करते हैं और उनका ऐसे किसी भी तरीके से उपयोग नहीं करते हैं जिससे कानून या हमारे मूल्यों का उल्लंघन हो। इसका अर्थ है कि हम:

- जब आवश्यक हो, किसी तीसरे पक्ष के कॉपीराइट, पेटेंट, ट्रेडमार्क या अन्य बौद्धिक संपदा का उपयोग करने या कॉपी करने के लिए लिखित अनुमति प्राप्त करें, लाइसेंस प्राप्त करें या, यदि परिस्थितियों की आवश्यकता हो, तो बौद्धिक संपदा को एकमुश्त खरीद लें
- सुनिश्चित करें कि लाइसेंसिंग अनुबंधों में आवश्यकता पड़ने पर नकल करने या वितरण करने की अनुमति दी गई हो और हम तृतीय पक्ष सॉफ़्टवेयर की प्रति बनाने या वितरित करने से पहले कंपनी के अधिकारों को नुक़सान न पहुँचाएं
- सुनिश्चित करें कि बौद्धिक संपदा Thomson Reuters की संपत्ति हो जब उसे हमारे लिए तृतीय पक्ष या ठेकेदारों द्वारा तैयार किया जाता है, जहाँ भी कानून द्वारा स्वीकार्य है
- कंपनी के किसी वकील से संपर्क करें अगर किसी भी बौद्धिक संपदा प्रश्न के बारे में संदेह है

बौद्धिक संपदा क्या होती है?

बौद्धिक संपदा के उदाहरणों में निम्न शामिल हो सकते हैं:

- Thomson Reuters का नाम और ब्रांड के नाम जिनका हम उपयोग करते हैं
- लोगो
- कॉपीराइट
- पेटेंट
- सेवा चिन्ह
- ट्रेड सीक्रेट्स
- नवाचार
- सॉफ़्टवेयर
- प्रक्रियाएँ
- डिज़ाइन
- विचार
- छवियाँ
- डेटा

बिंदुओं को जोड़ना

प्र आगामी परियोजना के लिए मेरी टीम सार्वजनिक डेटाबेस में मौजूद जानकारी का उपयोग करना चाहती है। क्या Thomson Reuters नीति के तहत इसकी अनुमति है?

उ भले ही यह सार्वजनिक रूप से पहुँच योग्य लग रही हो, फिर भी कुछ जानकारी अब भी बौद्धिक संपदा संरक्षण के अधीन हो सकती है। मार्गदर्शन के लिए एंटरप्राइज़ अनुपालन से संपर्क करें।

प्र कुछ दिन पहले मैं काम करके जब घर जा रहा था तब, दूसरे दिन मेरे दिमाग में हमारे एक उत्पाद में सुधार लाने का एक विचार आया। क्या यह अंततः मेरा है या Thomson Reuters का है?

उ यह विचार Thomson Reuters की बौद्धिक संपदा है, क्योंकि यह संभवतः कंपनी के साथ आपके रोज़गार के माध्यम से प्राप्त ज्ञान, संसाधनों और अवसरों का परिणाम हो। यदि आपको लगता है कि यह एक व्यवहार्य विचार है, तो आपको इसे अपने प्रबंधक के साथ साझा करना चाहिए।

प्रतिस्पर्धात्मक इंटेलिजेंस

हम अपने प्रतिस्पर्धियों को बेहतर ढंग से समझने के लिए व्यापक शोध और अध्ययन करते हुए प्रदर्शन और नवप्रवर्तन के हमारे मूल्यों को जीते हैं। हम अपने प्रतिस्पर्धियों के बारे में केवल वैध और नैतिक माध्यमों से ही इंटेलिजेंस प्राप्त करते हैं। दूसरों की बौद्धिक संपदा अधिकारों का सम्मान करने से संबंधित हमारे नियमों के पालन करने के अलावा, इसका अर्थ यह है कि हम:

- प्रतिस्पर्धात्मक इंटेलिजेंस एकत्र करने से पहले सभी लागू कानूनों और नियमों को समझते हैं और उनका पालन करते हैं
- प्रतिस्पर्धी से संबंधित डेटा या अन्य संवेदनशील जानकारी वितरित नहीं करते हैं अगर उन्हें ऐसी परिस्थितियों में प्राप्त किया गया था या उन तक पहुँचा गया था जो हमारे प्रतिस्पर्धात्मक इंटेलिजेंस दिशानिर्देशों का उल्लंघन कर सकते हैं
- प्रतिस्पर्धी के उत्पाद या सेवा तक पहुँच प्राप्त करने के लिए कभी भी हमारी निजी या कंपनी की पहचान को तोड़-मरोड़ करके पेश नहीं करते हैं
- Thomson Reuters प्रतिस्पर्धात्मक इंटेलिजेंस प्राप्त करने में मदद के लिए अनुबंध शर्तों का उल्लंघन नहीं करते हैं या ऐसा करने के लिए किसी तृतीय पक्ष को प्रोत्साहित नहीं करते हैं

किसी भी प्रतिस्पर्धात्मक ज्ञान की खोज करने या उपयोग करने से पहले, सुनिश्चित करें कि आप हमारे प्रतिस्पर्धात्मक इंटेलिजेंस दिशानिर्देशों को समझते हैं। आपके पास इन दिशानिर्देशों को लागू करने से संबंधित कोई प्रश्न है, तो अपनी एंटरप्राइज़ अनुपालन टीम से संपर्क करें।

प्रतिस्पर्धात्मक इंटेलिजेंस नीति, तृतीय पक्षों के लिए प्रतिस्पर्धात्मक इंटेलिजेंस नीति, ऑनलाइन प्रतिस्पर्धात्मक इंटेलिजेंस एकत्र करने के लिए चेकलिस्ट और अन्य यहां देखे जा सकते हैं **इंट्रानेट पर कानूनी और अनुपालन।**

REUTERS/इना फसबेंडर

बिंदुओं को जोड़ना

प्र. मैं हाल ही में एक प्रतिस्पर्धी कंपनी से आकर Thomson Reuters में शामिल हुआ/हुई हूँ और मेरे पास उस प्रतिस्पर्धी कंपनी की कुछ प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी है। इस जानकारी में से कुछ गोपनीय है और कुछ, मुझे लगता है, गोपनीय नहीं है। मैं अपने काम में क्या उपयोग कर सकता/ती हूँ या अपने Thomson Reuters सहकर्मियों के साथ साझा कर सकता/ती हूँ ?

उ आपको प्रतिस्पर्धी के व्यवसाय से संबंधित कोई भी दस्तावेज़ – किसी भी प्रारूप में – नहीं रखना चाहिए या साझा नहीं करना चाहिए जो उस प्रतिस्पर्धी के कर्मचारी के रूप में आपके पास थी। यहाँ तक कि उस स्थिति में भी वह जानकारी बस आपको याद हो, अगर जानकारी गोपनीय है, तो इसके प्रकटीकरण से बचाने के लिए आपके पूर्व नियोक्ता के प्रति आपका निजी कानूनी दायित्व है, जैसा आप Thomson Reuters की गोपनीय जानकारी के साथ करेंगे अगर आप कंपनी को किसी प्रतिस्पर्धी के लिए छोड़कर जाते हैं। Thomson Reuters के साथ इस तरह की जानकारी साझा करके आप स्वयं को और हमें कानूनी रूप से जोखिम में डाल सकते हैं। ऐसी जानकारी के लिए जो आपको याद है और आप मानते हैं कि वह गोपनीय नहीं है, तो किसी के भी सामने उसका खुलासा करने से पहले एंटरप्राइज़ अनुपालन टीम से संपर्क करना सर्वोत्तम होगा।

गोपनीय जानकारी और डेटा गोपनीयता को सुरक्षित रखना

हम पर भरोसा किया जाता है ...

...गोपनीयता और जानकारी की निजता को सुरक्षित रखने और रक्षा करने, जो हमारे पास है और अनुचित रूप से उस तक पहुँचने, उसे साझा करने या खोने से रोकने के लिए।

यह क्यों मायने रखता है

हमारी प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त हमारी जानकारी की सुरक्षा, गोपनीयता और अखंडता पर निर्भर करती है – चाहे वह जानकारी हमारी संपत्ति हो या किसी और की। हम गोपनीय और व्यक्तिगत जानकारी को कैसे संभाल कर रखते हैं, यही हमें हमारे प्रतिस्पर्धा से अलग करता है और अगर हम इसमें गलती करते हैं, तो हमारे ग्राहकों, सहकर्मियों और कंपनी सभी को इसका भुगतना करना पड़ सकता है। अनुचित हैंडलिंग मार्केटप्लेस में हमें नुकसान पहुँचा सकती है, उपभोक्ताओं को हानि पहुँचा सकती है, हमें दीवानी और आपराधिक दंड के लिए संवेदनशील बना सकती है, हमारी नई खोजों में बाधा डाल सकती है, हमारे प्रदर्शन को बाधित कर सकती है और अंततः हमारे व्यापारिक संबंधों को नुकसान पहुँचा सकती है।

हम कैसे काम करते हैं

गोपनीय जानकारी

हमारे काम या पद के हिस्से के रूप में, हम Thomson Reuters व्यवसाय, संचालन ग्राहकों या व्यावसायिक भागीदारों से संबंधित गैर-सार्वजनिक या भीतरी जानकारी के बारे में जान सकते हैं या उस तक पहुँच सकते हैं। अगर यह जानकारी सार्वजनिक डोमेन में नहीं है, तो हमें इसे गोपनीय के रूप में देखना चाहिए। हमें गोपनीय जानकारी किसी के साथ भी साझा नहीं करनी चाहिए, जिसमें Thomson Reuters में काम करने वाले व्यक्ति भी शामिल हैं, जब तक कि उसे जानने की वैध आवश्यकता न हो और हम ऐसा करने के लिए अधिकृत न हों।

सख्त गोपनीय और गुप्त जानकारी में हमारी कुछ सबसे महत्वपूर्ण संपत्तियाँ शामिल हैं, जैसे कि निम्न उदाहरण:

- ट्रेड सीक्रेट्स
- मूल्य निर्धारण नीति और जानकारी
- व्यापार या रणनीतिक संचालन योजनाएँ और दृष्टिकोण, जिसमें विलय, अधिग्रहण या विनिवेश योजनाएँ शामिल हैं
- Thomson Reuters या हमारे कर्मचारियों, ग्राहकों या व्यावसायिक भागीदारों के बारे में गैर-सार्वजनिक वित्तीय जानकारी
- किसी अन्य संगठन या व्यक्ति के बारे में गैर-सार्वजनिक जानकारी जिसके बारे में हमें अपनी नौकरी के कार्यकाल के दौरान या हमारे पद के परिणामस्वरूप पता चलता है

Reuters के पत्रकारों को पत्रकारिता की हैंडबुक की नीतियों और आवश्यकताओं का पालन करना चाहिए और अपने प्रबंधक या कंपनी के वकील से मार्गदर्शन लेना चाहिए।

पत्रकारिता की हैंडबुक इंट्रानेट पर

- नए उत्पाद, ब्रांड या विपणन अध्ययन, विकास, योजना या पूर्वानुमान
- संपर्क विवरण, विनिर्देश, वरीयता और सदस्यता सूची सहित ग्राहक डेटा
- अनुबंध और समझौते, जिसमें समाप्ति तारीख, सभी विशिष्टता प्रावधान और वित्तीय स्थिति जैसी शर्तें शामिल हैं
- कानूनी जानकारी, जिसमें कानूनी विशेषाधिकार से जुड़े डेटा या जानकारी शामिल हैं

REUTERS/कार्लोस बैरिया

- ऐसा डेटा जिसकी सुरक्षा का कानूनी या अनुबंध संबंधी ज़िम्मेदारी Thomson Reuters की है (उदा., क्रेडिट कार्ड डेटा, स्वास्थ्य देखभाल रिकॉर्ड या व्यक्तिगत पहचान योग्य जानकारी)
- हमारे IT सिस्टम और बुनियादी ढांचे के बारे में जानकारी

महत्वपूर्ण जानकारी सुरक्षा नीतियाँ

डेटा की प्रभावी रूप से सुरक्षा करने के कई तरीके हैं। उदाहरण के लिए:

- याद रखें कि WhatsApp और Signal सहित, लेकिन इन्हीं तक सीमित नहीं, सार्वजनिक त्वरित मैसेजिंग सर्विस TR व्यवसाय करने के लिए अस्वीकृत हैं
- संवेदनशील दस्तावेज़ों को लॉक की गई फ़ाइलों या दराज में रखें
- गोपनीय जानकारी को नष्ट करते समय श्रेडर या सुरक्षित श्रेड बिन का उपयोग करें।
- कंप्यूटर और अन्य उपकरणों पर और संवेदनशील दस्तावेज़, स्प्रैडशीट्स और प्रेजेंटेशंस के लिए पासवर्ड सुरक्षा का उपयोग करें
- गोपनीय जानकारी वाली किसी भी फाइल या दस्तावेज़ को स्टोर और ट्रांसमिट करते समय एन्क्रिप्शन का उपयोग करें
- उन क्षेत्रों में जानकारी एक्सेस करते समय सावधानी बरतें जहां जनता के सदस्य या अन्य अनधिकृत व्यक्ति, अन्य सहयोगियों सहित, इसे देख सकते हैं
- नियमित रूप से उपकरणों का सुरक्षित रूप से बैक अप लें
- सार्वजनिक Wi-Fi से कनेक्ट करते समय सतर्कता बरतें और किसी वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क (VPN) का उपयोग करें
- क्षतिग्रस्त या खोए लैपटॉप और अन्य डिवाइसों, सुरक्षा घटनाओं और व्यक्तिगत डेटा के उल्लंघन की रिपोर्ट तुरंत **security@thomsonreuters.com** पर करें

डेटा संरक्षण और गोपनीयता

कई देशों में डेटा संरक्षण और गोपनीयता कानून और विनियम हैं, जो व्यक्तियों से संबंधित कुछ निश्चित जानकारी के संग्रहण, उपयोग, प्रतिधारण और हस्तांतरण को नियंत्रित करते हैं। इस क्षेत्र में कानून बहुत तेजी से बदलते हैं और हम सभी को संहिता के इस अनुभाग में संदर्भित संसाधनों का ध्यान रखना चाहिए या हमारे ग्राहकों, विक्रेताओं, आपूर्तिकर्ताओं विपणन संपर्क, कर्मचारियों, ठेकेदारों, सलाहकार और अन्य व्यक्ति सहित किन्हीं भी व्यक्तियों से संबंधित जानकारी के उचित संग्रहण, उपयोग, प्रतिधारण या हस्तांतरण के बारे में किसी भी प्रश्न के लिए एंटरप्राइज़ अनुपालन टीम से संपर्क करें।

इंट्रानेट पर गोपनीयता कार्यालय

इंट्रानेट पर सूचना सुरक्षा हैंडबुक और नीतियां

हमारी गोपनीय जानकारी और डेटा गोपनीयता का उपयोग और उन्हें सुरक्षित रखना

हमने डेटा की सुरक्षा के लिए सूचना सुरक्षा और गोपनीयता नीतियाँ और कार्य प्रणालियाँ स्थापित की हैं, चाहे वह हमारी हो, हमारे ग्राहकों की हों या फिर हमारे भागीदारों की हों। हमारा Thomson Reuters गोपनीयता कार्यक्रम गोपनीयता प्रबंधन ढांचे पर स्थापित किया गया है और Thomson Reuters के भीतर एक समर्पित, वैश्विक गोपनीयता कार्यालय द्वारा इसकी देखरेख की जाती है। इसका अर्थ है कि हम:

- समझते हैं कि दुनिया के विभिन्न हिस्सों में और ग्राहकों और व्यापार भागीदारों से डेटा एकत्र करते समय हमारी व्यक्तिगत भूमिका क्या है, जिसमें यह भी शामिल है कि हमारी प्रत्येक व्यावसायिक लाइन पर कौन सा डेटा सुरक्षा कानून लागू होता है
- जब डेटा के रखरखाव की बात आती है, तो हम हमारी आंतरिक नीति को पढ़ते, समझते और पालन करते हैं, जिसमें Thomson Reuters गोपनीयता कार्यालय में हमारी नीतियां शामिल हैं
- जब डेटा को सुरक्षित करना हो, तो सूचना सुरक्षा हैंडबुक और नीतियों को पढ़ते, समझते और उनका पालन करते हैं
- यह समझते हैं कि Thomson Reuters में डेटा को कैसे वर्गीकृत किया जाता है और इसलिए उसे नियंत्रित करने के बारे में जानते हैं
- केवल कंपनी-स्वीकृत संग्रहण उपकरणों का उपयोग करके जानकारी संग्रहीत करें
- व्यक्तियों के बारे में हमारे बाहरी **गोपनीयता कथन** और आंतरिक **गोपनीयता नीति** और लागू डेटा संरक्षण और गोपनीयता कानूनों और विनियमों के अनुसार डेटा एकत्रित, उपयोग, प्रतिधारण और हस्तांतरण करते हैं।
- किसी भी गोपनीय या व्यक्तिगत जानकारी को साझा करने से पहले उचित प्राधिकरण प्राप्त करते हैं, जिसमें लिखित प्राधिकारिता प्राप्त करना और गैर-प्रकटीकरण याअन्य समझौते पर हस्ताक्षर करना शामिल हो सकता है
- कंपनी की प्रक्रियाओं का पालन करते हुए हमारे डेटा-हैंडलिंग प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी के अनुरोधों का उत्तर देते हैं ताकि हम यह सुनिश्चित कर सकें कि हम ऐसा सुरक्षित और सही तरीके से करते हैं
- सुनिश्चित करते हैं कि हम कंपनी की गोपनीयता नीतियों से परिचित हैं और उनका अनुपालन करते हैं
- कंपनी छोड़ने के बाद भी हम Thomson Reuters की गोपनीय जानकारी की रक्षा करते हैं

इंट्रानेट में गोपनीयता कार्यालय

इंट्रानेट पर जानकारी सुरक्षा हैंडबुक

डेटा उल्लंघन की रिपोर्ट करना

किसी भी समय हमें पता चलता है या संदेह होता है कि डेटा सुरक्षा का उल्लंघन हुआ है, चाहे आकस्मिक या जानबूझकर, तो ***तुरंत हमें*** उसकी रिपोर्ट **security@thomsonreuters.com** को करनी चाहिए। ऐसा तुरंत करने से उल्लंघन के प्रभाव को कम किया जा सकता है और घटना का प्रबंधन करने, डेटा को सुरक्षित रखने और भविष्य के उल्लंघनों के जोखिम को कम करने के लिए जल्द से जल्द सही कार्रवाई करने में हमारी सहायता हो सकती है।

बिंदुओं को जोड़ना

प्र एक ग्राहक ने हाल ही में मुझसे कहा था कि वह Thomson Reuters के विपणन ई-मेल प्राप्त नहीं करना चाहती है। मुझे क्या करना चाहिए?

उ मार्केटिंग ईमेल, टेलिफ़ोन कॉल या अन्य से बाहर निकलने का अनुरोध, कभी भी किया जा सकता है और उसे विशिष्ट, कानूनी रूप से आवश्यक समय-सीमा में पूरा किया जाना चाहिए। आपको इन अनुरोधों को संभालने के लिए अपनी व्यावसायिक मानक संचालन प्रक्रियाओं का पालन करना चाहिए या तुरंत अपनी स्थानीय मार्केटिंग टीम से संपर्क करना चाहिए और उन्हें सूचित करना चाहिए कि ग्राहक मार्केटिंग से बाहर निकलना चाहता है।

प्र आपको हमारे डेटा संग्रहण प्रक्रियाओं से संबंधित अनुरोध प्राप्त हुआ है और उसमें उस डेटा के संबंध में कंपनी से कार्रवाई करने का अनुरोध भी किया गया है। आपको क्या करना चाहिए?

उ आपको अनुरोध को अस्वीकार नहीं करना चाहिए, क्योंकि कई गोपनीयता कानून व्यक्तियों को उनके व्यक्तिगत डेटा तक पहुँचने का अधिकार देते हैं। इसके बजाय, आपको अनुरोध को तुरंत गोपनीयता कार्यालय को **privacy.enquiries@thomsonreuters.com** पर या फिर एंटरप्राइज़ अनुपालन टीम को रेफ़र करना चाहिए। आपको ऐसा अनुरोध प्राप्त होते ही करना चाहिए, क्योंकि हो सकता है कि कानूनी तौर पर कोई ऐसी प्रवर्तनीय समय सीमा हो जिसके भीतर Thomson Reuters को जवाब देना हो।

इनसाइडर ट्रेडिंग

हममें से कुछ के पास Thomson Reuters, हमारे ग्राहकों, आपूर्तिकर्ताओं या अन्य कंपनियों जिनके साथ Thomson Reuters या तो व्यवसाय करती है या किसी महत्वपूर्ण लेनदेन या समझौते पर बातचीत कर रही है, के बारे में महत्वपूर्ण गैर-सार्वजनिक जानकारी तक पहुँच होती है। महत्वपूर्ण गैर-सार्वजनिक जानकारी का दुरुपयोग करने से इनसाइडर ट्रेडिंग कानूनों का उल्लंघन हो सकता है और गंभीर दंड लगाए जा सकते हैं। हम इस "अंदरूनी जानकारी" की कानूनी और नैतिक रूप से देखभाल करते हैं। इसका अर्थ है कि हम:

- महत्वपूर्ण गैर-सार्वजनिक जानकारी होने पर Thomson Reuters की प्रतिभूतियों या अन्य सार्वजनिक कंपनियों की प्रतिभूतियों में व्यापार नहीं करते हैं या किसी अन्य व्यक्ति को व्यापार करने के लिए प्रोत्साहित नहीं करते हैं
- "टिपिंग" में शामिल न हों - Thomson Reuters या अन्य सार्वजनिक कंपनियों के बारे में महत्वपूर्ण गैर-सार्वजनिक जानकारी का खुलासा करना अन्य लोगों, जैसे कि रिश्तेदारों या दोस्तों के सामने खुलासा नहीं करते हैं, जो जानकारी के आधार पर व्यापार कर सकते हैं या दूसरों के सामने इसका खुलासा कर सकते हैं

इंट्रानेट पर इनसाइडर ट्रेडिंग नीति

इनसाइडर्स

हमने कुछ लोगों को उनके पद, प्रबंधकीय ज़िम्मेदारियों या कंपनी के बारे में महत्वपूर्ण गैर-सार्वजनिक जानकारी तक पहुँच होने या संभावित पहुँच होने के कारण "Thomson Reuters इनसाइडर्स" के रूप में नामित किया है। Thomson Reuters इनसाइडर्स हमारी कंपनी की प्रतिभूतियों में व्यापार करने से संबंधित अतिरिक्त प्रतिबंधों के अधीन हैं।

आंतरिक जानकारी

जानकारी "महत्वपूर्ण" और "गैर-सार्वजनिक" हैं या नहीं, यह तथ्यों और परिस्थितियों पर निर्भर करती है। जानकारी तब महत्वपूर्ण होती है, अगर, सामान्यतः उपलब्ध होने पर, किसी भी प्रतिभूति के बाजार में कीमत या मूल्य में महत्वपूर्ण बदलाव करने की संभावना अपेक्षित है या उस पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ेगा। जानकारी तब भी महत्वपूर्ण होती है अगर उचित निवेशक के निवेश निर्णयों पर इसका एक महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है। जानकारी गैर-सार्वजनिक होती है अगर उसे किसी आधिकारिक कंपनी संचार, जैसे प्रेस विज्ञप्ति, वेबसाइट पोस्टिंग, प्रतिभूति फाइलिंग के माध्यम से या शेयरधारकों को वितरित करके या व्यापक रूप से प्रसारित मीडिया कवरेज के माध्यम से आम तौर पर लोगों को बताया या उनके लिए उपलब्ध कराया जाता है। महत्वपूर्ण गैर-सार्वजनिक जानकारी के कुछ उदाहरणों में निम्न शामिल हो सकते हैं:

- आमदनी संबंधी नतीजे और भविष्य के कोई भी वित्तीय पूर्वानुमान या दृष्टिकोण जिनका सार्वजनिक रूप से खुलासा नहीं किया गया है
- व्यापार संचालन या कूटनीतियों में महत्वपूर्ण बदलाव
- महत्वपूर्ण संभावित अधिग्रहण या बिक्रियाँ
- साइबर सुरक्षा और अन्य प्रौद्योगिकी संबंधी जोखिम और घटनाएं, भेद्यता और उल्लंघनों सहित
- प्रमुख आपूर्तिकर्ताओं या ग्राहकों के लाभ या हानियाँ
- नए, महत्वपूर्ण उत्पादों या सेवाओं का परिचय या लॉन्च
- वरिष्ठ प्रबंधन या हमारे निदेशक मंडल में बदलाव
- वास्तविक या महत्वपूर्ण मुकदमों की धमकी या महत्वपूर्ण सरकारी या नियामक जांच

अगर आप निश्चित नहीं हैं कि किसी निश्चित जानकारी को महत्वपूर्ण माना जाए या गैर-सार्वजनिक, तो किसी भी प्रतिभूति लेनदेन में शामिल होने से पहले मार्गदर्शन के लिए कंपनी के वकील से परामर्श करें।

सूचना और संचार प्रणालियों का ज़िम्मेदारीपूर्वक उपयोग करना

हम पर भरोसा किया जाता है . . .

...कंपनी संचार का सम्मान करने और उन्हें उचित रूप से उपयोग करने के लिए भरोसा किया जाता है ताकि वे जितना संभव हो उतनी कुशलतापूर्वक और कारगर ढंग से काम करें।

यह क्यों मायने रखता है

Thomson Reuters द्वारा रोज़ाना किए जाने वाले लगभग सभी काम किसी न किसी तरह हमारी सूचना और संचार सिस्टम के माध्यम से किए जाते हैं। जब हम सभी इन सिस्टम को ठीक से उपयोग करने के लिए व्यक्तिगत ज़िम्मेदारी लेते हैं, तो ये उस डेटा की अखंडता की रक्षा करते हैं जिन्हें हम संग्रहीत और संचारित करते हैं और यह सुनिश्चित करते हैं कि हम सभी के पास हमारी कंपनी को कामयाब बनाने में मदद करने के लिए सिस्टम तक शीघ्र पहुँच हो। इसी तरह, अनुचित उपयोग हम हैकर्स, डेटा उल्लंघनों, शटडाउन और गलत संचार, साथ ही कानूनी नतीजों का आसानी से शिकार बन सकते हैं।

हम कैसे काम करते हैं

हम कंपनी की जानकारी और संचार प्रणालियों का ठीक से उपयोग करते हैं। इसका अर्थ है कि हम:

- ई-मेल, इंटरनेट और फ़ोन के व्यक्तिगत उपयोग को सीमित करते हैं
- जब कोई ई-मेल भेजा जाता है या कोई अटैचमेंट्स खोला जाता है, तो "क्लिक करने से पहले सोचें" की प्रक्रिया का पालन करें
- ऐसी सामग्री को एक्सेस, डाउनलोड न करें या न भेजें जो काम के लिए अपमानजनक, उत्पीड़न करने वाली, मुखर या अन्यथा अनुपयुक्त हो
- कभी भी कार्य की डिवाइस पर व्यक्तिगत, अनाधिकृत या कॉपीराइट सॉफ़्टवेयर का उपयोग, डाउनलोड या पुनर्वितरण न करें
- कभी भी उपयोगकर्ता IDs, पासवर्ड, पहुँच विवरण, सॉफ़्टवेयर, सेवाओं या प्रमाणीकरण उपकरणों (उदा., SecureID टोकन) को साझा नहीं करते हैं, जिन्हें किसी सिस्टम में पहुँच प्राप्त करने के लिए व्यक्तिगत उपयोग के लिए बनाया गया है
- आपको केवल आधिकारिक Thomson Reuters व्यवसाय के लिए Thomson Reuters अधिकृत सहयोग टूल और उपकरणों का ही उपयोग करना चाहिए
- WhatsApp और Signal जैसे थर्ड पार्टी के त्वरित मैसेजिंग सॉल्यूशन Thomson Reuters के व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए अस्वीकृत हैं
- कंपनी सुरक्षा नियंत्रण का सम्मान करते हैं और केवल हमारे अधिकृत स्तर के भीतर जानकारी तक पहुँच प्राप्त करते हैं
- कंपनी डेटा को स्टोर या एक्सेस करने के लिए कभी भी व्यक्तिगत उपकरणों का उपयोग न करें
- कभी भी सख्त गोपनीय, गोपनीय या आंतरिक उपयोग के रूप में वर्गीकृत किए गए डेटा को तीसरे पक्षों के साथ साझा न करें
- लापरवाह, अतिशयोक्ति या गलत बयान से बचते हैं हैं जिसे आसानी से गलत समझा जा सकता है या Thomson Reuters के खिलाफ़ कानूनी कार्यवाही में इस्तेमाल किया जा सकता है
- हम जानते हैं कि कुछ दिशानिर्देश आपमें से कुछ के द्वारा किए जाने वाले नौकरी संबंधी कर्तव्यों के विपरीत हो सकते हैं। इन नीतियों या दिशानिर्देशों में से किसी के लिए व्यावसायिक अपवाद का अनुरोध करने हेतु निर्देशों के लिए **TR ग्लोबल सर्विस डेस्क** से संपर्क करें
- किन्हीं भी संदिग्ध उल्लंघनों या घटनाओं की रिपोर्ट यहाँ करें **security@thomsonreuters.com**

जानकारी सुरक्षा हैंडबुक और नीतियाँ

मोबाइल डिवाइस मैनेजमेंट स्टैंडर्ड



REUTERS/युया शिनो

बिंदुओं को जोड़ना

प्र क्या मैं अपने दोस्तों को निजी ई-मेल भेजने के लिए मेरी कंपनी के ई-मेल पते का उपयोग कर सकता/ती हूँ ?

उ हां, जब तक आप इस अभ्यास को सीमित करते हैं, खतरनाक, अवैध और अनुपयुक्त सामग्री के बारे में हमारे दिशानिर्देशों का पालन करें और इसे अपने काम में हस्तक्षेप न करने दें। यह याद रखना महत्वपूर्ण है कि कंपनी के सिस्टम पर निजी मामलों पर चर्चा करते समय कंपनी संचार सिस्टम और उपकरणों के माध्यम से आप जो भी संदेश भेजते या प्राप्त करते हैं – जिसमें ई-मेल, सोशल मीडिया पोस्ट्स और टेक्स्ट या SMS संदेश शामिल हैं – Thomson Reuters की संपत्ति हो सकती है और हो सकता है कंपनी की उस तक पहुँच हो।

निगरानी और रिकॉर्डिंग

जहां लागू कानून द्वारा अनुमति दी गई हो, Thomson Reuters के पास Thomson Reuters के स्वामित्व वाली या आपूर्ति की गई जानकारी, संचार, प्रौद्योगिकी या बुनियादी ढांचे के आपके उपयोग की निगरानी और रिकॉर्ड करने का अधिकार सुरक्षित है।

हमारी संपत्तियों की सुरक्षा करना

हम पर भरोसा किया जाता है ...

...कंपनी की संपत्तियों का सही तरीके से उपयोग करने और उन्हें नुकसान, चोरी, दुरुपयोग, क्षति और बर्बादी से बचाने के लिए भरोसा किया जाता है।

यह क्यों मायने रखता है

Thomson Reuters कंप्यूटर, फ़ोन, कार्यालय आपूर्ति और सुविधाएँ व्यक्ति के रूप में, एक टीम के रूप में और व्यवसाय के रूप में, हमारे प्रदर्शन को चरम पर ले जाने में हम सभी की मदद करने के उद्देश्य के लिए हैं। इन संपत्तियों का सम्मान करते हुए, हम यह सुनिश्चित करते हैं कि हमारे ग्राहकों और सहकर्मियों को इनकी आवश्यकता होने पर वे सुलभ और पूरी तरह कार्यात्मक रहें। हम यह सुनिश्चित करने में भी मदद करते हैं कि कंपनी के समय और संसाधनों का उपयोग सकारात्मक पहल के लिए किया जाए, न कि रोकी जा सकने वाली समस्याओं को ठीक करने में।

हम कैसे काम करते हैं

हम केवल विधि-संगत और अधिकृत व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए कंपनी की संपत्तियों का उपयोग करते हैं। हम गबन, लापरवाही या संपत्ति की बर्बादी को हमारे कर्तव्य के उल्लंघन के रूप देखते हैं और अनुमति के बिना कंपनी के परिसर से संपत्ति को ले जाने को चोरी के रूप में देखते हैं। इसका अर्थ है कि हम:

- कंपनी सिस्टम या जानकारी तक केवल तब पहुँच बनाते हैं जब हम ऐसा करने के लिए अधिकृत और सक्षम हों
- अवैध गतिविधियों के लिए कभी भी कंपनी की संपत्ति का उपयोग नहीं करते हैं
- कंपनी की संपत्तियों का निजी उपयोग सीमित रखते हैं ताकि यह हमारे काम में हस्तक्षेप नहीं करे और इस संहिता का उल्लंघन नहीं हो
- कंपनी की संपत्ति के अनुचित तृतीय-पक्ष उपयोग को रोकते हैं
- किसी भी हानि, चोरी, दुरुपयोग, क्षति या बर्बादी की तत्काल रिपोर्ट करते हैं
- अगर हम कंपनी छोड़कर जाते हैं, तो हम Thomson Reuters की उन सभी संपत्तियों का उपयोग करना बंद कर देते हैं जो हमें दी गई थी या जिन तक हमारी पहुँच है और उन्हें वापस कर देते हैं

इंट्रानेट पर वैश्विक सुरक्षा

इंट्रानेट पर जानकारी की सुरक्षा

हमारी संपत्तियाँ

Thomson Reuters की संपत्तियों के उदाहरणों में निम्न शामिल हैं:

- कंप्यूटर, प्रिंटर, कॉपीयर्स, स्कैनर और मॉनिटर
- फ़ोन, टैबलेट और अन्य मोबाइल उपकरण
- बौद्धिक संपदा, जैसे कि सॉफ़्टवेयर कोड, लाइसेंस, ब्रांड नाम, व्यावसायिक योजनाएँ और आविष्कार
- भवन और अन्य भौतिक संपत्तियाँ
- कार्यालय आपूर्तियाँ और उपकरण
- ग्राहक, आपूर्तिकर्ता या वितरक सूचियाँ और जानकारी
- मेमो, नोट्स और हमारे द्वारा या तृतीय पक्ष व्यावसायिक भागीदार द्वारा बनाए गए अन्य दस्तावेज़

REUTERS/मैट्यू बेलंजर

हमारे नियंत्रण में *विश्वास मायने रखता है*

सटीक वित्तीय रिकॉर्ड *50*

हमारे रिकॉर्ड का प्रबंधन *52*

अनुबंध प्राधिकरण *54*

मीडिया और सोशल मीडिया का ज़िम्मेदारी के साथ उपयोग करना *56*

सटीक वित्तीय रिकॉर्ड

हम पर भरोसा किया जाता है ...

...ऐसे रिकॉर्ड बनाए रखने के लिए भरोसा किया जाता है जो कंपनी के लेखांकन नीतियों और कानूनी आवश्यकताओं के अनुरूप हैं।

यह क्यों मायने रखता है

हम एक सार्वजनिक रूप से सूचीबद्ध कंपनी हैं और हमारे वैश्विक संचालन के लिए हमें विभिन्न प्रतिभूति और वित्तीय रिपोर्टिंग दायित्वों का पालन करने की आवश्यकता होती है। जब हम सभी यह सुनिश्चित करने का उत्तरदायित्व लेते हैं कि वे वित्तीय रिकॉर्ड जिन्हें हम नियंत्रित करते हैं, सटीक और पूर्ण हों, तो हम अखंडता के लिए कंपनी की प्रतिष्ठा की रक्षा करते हैं और विश्वास के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को बनाए रखते हैं। विश्वसनीय वित्तीय रिपोर्टिंग शेयरधारकों को हमारे प्रदर्शन का निष्पक्ष रूप से आकलन करने में मदद करती है, हमारे संसाधनों को सबसे प्रभावी ढंग से आवंटित करने के लिए प्रबंधन को जानकारी मुहैया कराती है और उल्लंघन को रोकती है।

हम कैसे काम करते हैं

हम प्रबंधन, निदेशकों, शेयरधारकों, सरकारी नियामकों और अन्य लोगों के लिए सटीक, निष्पक्ष और समयोचित रिकॉर्ड बनाते हैं। इसका अर्थ है कि हम:

- यह सुनिश्चित करने के लिए व्यक्तिगत ज़िम्मेदारी लेते हैं कि सभी पुस्तक और रिकॉर्ड – टाइम शीट, बिक्री रिकॉर्ड और व्यय रिपोर्ट सहित – पूर्ण, सटीक और प्रलेखित हों
- कभी भी रिकॉर्ड न की गई, अप्रकाशित या ऑफ़-द-बुक रिकॉर्ड नहीं रखते हैं
- किसी भी लेन-देन के तथ्यों में हेराफ़ेरी नहीं करते हैं या उस तोड़ते-मरोड़ते नहीं हैं
- दस्तावेज़ीकरण द्वारा समर्थित, समय पर लेन-देन को रिकॉर्ड और प्रकट करते हैं
- लेन-देन और व्यय पर स्वीकृति देते या दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करते समय उचित सावधानी बरतते हैं
- आंतरिक नियंत्रणों के महत्व को समझते हैं और उनका लगातार अनुपालन करते हैं
- कंपनी के फंड से व्यवसाय से संबंधित खर्चों का भुगतान तभी करते हैं जब हमारे पास हमारे प्रबंधक से प्राधिकरण प्राप्त हो
- सार्वजनिक संचार और उन रिपोर्ट या दस्तावेज़ों में, जिन्हें हम प्रतिभूति विनियामक प्राधिकरणों और स्टॉक एक्सचेंजों के साथ फाइल करते हैं या उनको सबमिट करते हैं, पूर्ण, निष्पक्ष, सटीक, समयोचित और समझ में आने योग्य प्रकटन प्रदान करते हैं
- Thomson Reuters के प्रकटीकरण नियंत्रण और प्रक्रियाओं और अन्य आंतरिक नीतियों के अनुसार प्रकटीकरण तैयार करें

इंट्रानेट पर प्रकटीकरण नियंत्रण और प्रक्रियाएं

बिंदुओं को जोड़ना

प्र एक ठेकेदार ने हमसे अपनी सेवाओं के लिए खुद के बजाय किसी कंपनी को भुगतान करने के लिए कहा है। हमने पहले इस ठेकेदार से काम उसके नाम से लिया था। क्या इसकी अनुमति है?

उ नहीं। विक्रेताओं और ठेकेदारों के भुगतान उचित दस्तावेज़ द्वारा समर्थित होने चाहिए। वे सटीक और पूर्ण भी होने चाहिए, जिसमें उस व्यक्ति या कंपनी को भुगतान करना शामिल है, जिन्होंने हमारे लिए काम किया है।

कर भुगतान और रिकॉर्ड

यह सुनिश्चित करना हमारा दायित्व है कि Thomson Reuters की ओर से कार्य करने वाले व्यक्तियों (कर्मचारियों, एजेंटों, ठेकेदारों, सेवा प्रदाताओं, वितरकों तथा अन्य संबंधित व्यक्तियों सहित) को रोकने की यथोचित प्रक्रियाओं का प्रावधान हो, ताकि वे बेईमानीपूर्वक या जानबूझकर विश्व में कहीं भी कर की चोरी (हमारे स्वयं के लिए या जिनके साथ हम व्यापार करते हैं) को सुगम न बना सकें।

कर की चोरी में ऐसी गतिविधियां शामिल हैं जैसे कि: स्थानीय क्षेत्राधिकार में करदाता के रूप में पंजीयन कराने में विफलता, कम आय की सूचना देना, अस्वीकार्य व्ययों का दावा करना, अप्राप्त सेवाओं के लिए इनवॉइस जारी करना, पिछली तारीखयों के दस्तावेज़, परिसंपत्तियों का जानबूझकर ग़लत मूल्य निर्धारण करना या परिसंपत्तियों/निधियों को स्थानांतरित करने में सहायता करना यह जानते हुए कि ऐसा करने से कर की चोरी होगी।

चिंताएँ व्यक्त करना

संदिग्ध लेखांकन, लेखा परीक्षा, प्रकटीकरण या नियंत्रणों के बारे में सद्भावपूर्ण चिंताओं को उठाने की हमारी ज़िम्मेदारी है। Thomson Reuters निदेशक मंडल की ऑडिट समिति इन चिंताओं को विदित करने के लिए कर्मचारी प्रयासों को सुविधाजनक बनाने के लिए प्रतिबद्ध है और लेखांकन, आंतरिक लेखा नियंत्रण, ऑडिटिंग मामलों और प्रकटन नियंत्रणों से संबंधित शिकायतों का निपटारा करने के लिए प्रक्रियाएँ स्थापित की हैं। इसमें ऐसी शिकायतों को प्राप्त करने, बनाए रखने और संसाधित करने, साथ ही गोपनीय और अनाम रूप से चिंताओं को प्रस्तुत करने की प्रक्रियाएँ शामिल हैं।

इसके अलावा, हमारे वित्तीय विवरणों का ऑडिट करने वाले किसी भी स्वतंत्र सार्वजनिक या प्रमाणित एकाउंटेंट को धोखेबाज़ी से प्रभावित करना, दबाव डालना, हेरफ़ेर करना या भरमाना गैरकानूनी है।

अधिक जानकारी के लिए मदद **मांगें** ,जिसमें गुमनाम रूप से रिपोर्ट प्रस्तुत करने के तरीके शामिल हैं।

इंट्रानेट पर धोखाधड़ी के आरोप की आंतरिक रिपोर्टिंग और जांच के लिए प्रोटोकॉल

रिपोर्ट करने योग्य ऑडिटिंग और लेखांकन समस्याएँ

आपको तुरंत शिकायतों या चिंताओं की रिपोर्ट करनी चाहिए, जिसमें निम्न शामिल हैं:

- Thomson Reuters के किसी भी वित्तीय विवरण या रिकॉर्ड की तैयारी, रखरखाव, मूल्यांकन या समीक्षा में धोखाधड़ी या जानबूझकर की गई त्रुटियाँ
- आंतरिक लेखा नियंत्रण में अपूर्णता या गैर-अनुपालन
- वित्तीय ऑडिट या रिकॉर्ड के संबंध में किसी वरिष्ठ अधिकारी या एकाउंटेंट को या उसके द्वारा गलतबयानी या गलत विवरण
- कंपनी की वित्तीय स्थिति की पूर्ण और निष्पक्ष रिपोर्टिंग से विचलन

रिपोर्ट करने योग्य धोखाधड़ी

किसी भी अन्य प्रकार की धोखाधड़ी या बेईमानी की गतिविधि की रिपोर्ट करें, जिसे आपने देखा है या आपको संदेह है, जिसमें शामिल हैं:

- ग्राहकों, एजेंटों, विक्रेताओं या अन्य सलाहकारों के साथ संदिग्ध लेन-देन
- दस्तावेजों में जालसाजी या अन्य परिवर्तन
- उत्पादों या सेवाओं के लिए सहमत कीमतों की तुलना में अधिक या कम के बिल
- अनुबंध में वर्णित के अलावा किसी अन्य कारण से किए गए भुगतान
- मध्यस्थों के माध्यम से किए गए भुगतान जो दैनिक व्यापारिक लेन-देन से अलग हैं
- उस कंपनी के बजाय जिससे हमारा अनुबंध है, किसी व्यक्ति के बैंक खाते में स्थानांतरित या जमा की गई राशि
- कंपनी या ग्राहक की संपत्तियों का गबन, चोरी या दुरुपयोग
- ग्राहकों के साथ मौखिक व्यवस्था या अनधिकृत लिखित समझौते जो आधिकारिक अनुबंध के बाहर हैं
- कमीशन भुगतान को गलत तरीके से प्रभावित करने के इरादे से की गई कोई भी गतिविधि

हमारे रिकॉर्ड का प्रबंधन

हम पर भरोसा किया जाता है ...

...इलेक्ट्रॉनिक और भौतिक रिकॉर्ड का उचित तरीके से रखरखाव करने और निपटान के लिए भरोसा किया जाता है।

यह क्यों मायने रखता है

व्यापक रूप से सूचना-आधारित व्यवसाय के रूप में, Thomson Reuters वित्तीय रिकॉर्डों के अतिरिक्त, हर दिन हजारों व्यावसायिक रिकॉर्ड तैयार करता है। इन रिकॉर्ड का निर्माण, संग्रहण और निपटारा सख्त कानूनी और नियामक आवश्यकताओं के अनुसार किया जाना चाहिए। जब हम समय पर रिकॉर्ड तक पहुँच प्राप्त करते है, तो हम अपने व्यावसायिक भागीदारों को बेहतर सेवा प्रदान कर पाते हैं और हम ऑडिट, नियामक समस्याओं या मुकदमेबाजी के जोखिमों से बचते हैं। उसी समय, निपटान तारीख बीत जाने के बाद रिकॉर्ड रखे जाने से परिहार्य जानकारी सुरक्षा, गोपनीयता या कानूनी जोखिम उत्पन्न हो सकते हैं।

हम कैसे काम करते हैं

लागू रिकॉर्ड प्रबंधन नीति के अनुसार हमारे व्यावसायिक रिकॉर्ड की देखभाल, उन्हें संग्रहीत, पुनः प्राप्त करते और उनका निपटान करते हैं। इसका अर्थ है कि हम:

- रिकॉर्ड की गई इलेक्ट्रॉनिक और भौतिक जानकारी की फ़ाइलिंग, संग्रहण और पुनर्प्राप्ति को निरंतर व्यवस्थित करते हैं
- कानूनी, वित्तीय, नियामक या संचालन संबंधी आवश्यकताओं के अनुसार निर्दिष्ट उचित संग्रहण विधि का उपयोग करते हैं
- हानि, क्षति या हटाए जाने से रिकॉर्ड की रक्षा करते हैं और नियमित रूप से उनका बैकअप लेते हैं
- किसी भी लंबित या संभावित मुकदमेबाजी या सरकारी जांच से संबंधित सभी रिकॉर्ड बनाए रखते हैं, जब तक कि अन्यथा रूप से कंपनी के वकील द्वारा निर्देश नहीं दिया जाता है
- प्रतिधारण और निपटान शेड्यूल के अनुसार सभी रिकॉर्ड (इलेक्ट्रॉनिक और भौतिक) का निपटान करते हैं

कानूनी कार्यवाही से संबंधित दस्तावेज़ों या ई-मेल को नष्ट करना या हेराफ़ेरी करना दण्डनीय अपराध हो सकता है। यदि आपके पास प्रतिधारण नीतियों के बारे में कोई प्रश्न हैं या दस्तावेज़ को बनाए रखा जाना चाहिए या नहीं, इस बारे में आपके कोई कानूनी प्रश्न हैं, तो एंटरप्राइज़ अनुपालन टीम से संपर्क करें।

इंट्रानेट पर रिकॉर्ड्स और सूचना प्रशासन

रिकॉर्ड क्या है?

रिकॉर्ड किसी संगठन द्वारा कानूनी दायित्वों या सरकार के मूल्य के अनुसरण में या व्यवसाय के लेन-देन में बनाए गए या प्राप्त और प्रतिधारित रिकॉर्ड की गई कोई भी जानकारी (इलेक्ट्रॉनिक या भौतिक) होती है।

REUTERS/बीआविहार्टा

बिंदुओं को जोड़ना

प्र मुझे ई-मेल को कितने समय तक सुरक्षित रखना चाहिए?

उ अगर कोई ई-मेल किसी व्यावसायिक रिकॉर्ड का हिस्सा नहीं है और उसका व्यावसायिक उद्देश्य पूरा हो गया है और इसे बनाए रखने के लिए कोई कानूनी या नियामक दायित्व नहीं है, तो उसे हटा दिया जाना चाहिए। अगर कोई ई-मेल व्यावसायिक रिकॉर्ड का हिस्सा है या इसे बनाए रखने के लिए कोई कानूनी या नियामक दायित्व है, तो आपको उसे अपने व्यक्तिगत कार्य ई-मेल खाते से निकाल देना चाहिए और इसे कंपनी द्वारा भविष्य में संदर्भ लिए जाने के लिए उपयुक्त ढंग से संग्रहीत करना चाहिए (उदा., रिकॉर्ड से संबंधित किसी विभाग नेटवर्क फ़ोल्डर में)। हमारा रिकॉर्ड प्रतिधारण शेड्यूल व्यवसाय फ़ंक्शन द्वारा प्रत्येक श्रेणी के रिकॉर्ड की पहचान करता है। रिकॉर्ड श्रेणी में आमतौर पर निम्न शामिल होते हैं:

- रिकॉर्ड किए जाने वाले रिकॉर्ड के प्रकार और वर्गों का विवरण
- जब प्रतिधारण अवधि शुरू होती है
- प्रतिधारण अवधि की लंबाई

अगर आप "कानूनी होल्ड" के अधीन हैं, तो आपको ई-मेल हमेशा बनाए रखने चाहिए, जब तक कि आपको कंपनी के वकील द्वारा कोई सूचना नहीं दी जाती है कि होल्ड समाप्त हो गया है।

अनुबंध प्राधिकरण

हम पर भरोसा किया जाता है ...

...Thomson Reuters की ओर से अनुबंध या समझौते पर केवल तब हस्ताक्षर करते हैं, जब हम उसके लिए अधिकृत होते हैं।

यह क्यों मायने रखता है

Thomson Reuters उन सभी स्थानों पर विभिन्न कानूनों और नियमों के अधीन हैं, जहाँ हम काम करते हैं। यहां तक कि अनुबंध में की गई छोटी त्रुटियों या गलत संचार का मतलब यह हो सकता है कि हम देरी, कानूनी कार्रवाई और जुर्माने के प्रति संवेदनशील हैं। ये मुद्दे हमारे ग्राहकों और व्यापार भागीदारों के साथ बनाए गए बहुमूल्य विश्वास को भी भंग कर सकते हैं। हम में से हर किसी को केवल तब ही किसी अनुबंधीय प्रक्रिया में शामिल होना चाहिए, अगर हमें इसके लिए अधिकृत किया गया है और ऐसा करने का अनुभव है।

सरकारी अनुबंध

सरकारी अनुबंध कानून और विनियम जटिल हो सकते हैं और अक्सर परिवर्तन के अधीन होते हैं। Thomson Reuters सरकार अनुबंध अनुपालन नीति सरकारों के साथ अनुबंध करने में मार्गदर्शन करती है। अपने स्थान के लिए विशिष्ट मार्गदर्शन के लिए, कंपनी के वकील से यह सत्यापित करने के लिए परामर्श करें कि आप लागू कानूनों, नीतियों और मानकों का अनुपालन कर रहे हैं।लन कर रहे हैं, कंपनी के वकील से परामर्श करते हैं।

हम कैसे काम करते हैं

हम हमारे अनुबंध और समझौतों में किए गए वादों को पूरा करने और प्राप्त करने की भरसक कोशिश करते हैं। इसका अर्थ है कि हम:

- तृतीय पक्ष के विक्रेता या आपूर्तिकर्ता अनुबंधों के लिए खरीद विभाग से परामर्श करते हैं
- उन खरीद नीतियों का पालन करें जो नियंत्रित करती हैं कि हम कैसे कंपनी के खर्चों काप्रबंधन करते हैं और हमारे आपूर्तिकर्ताओं के प्रति प्रतिबद्धता रखते हैं।
- सुनिश्चित करें कि कोई भी समझौता,अनुबंध या प्रस्ताव सावधानीपूर्वक समीक्षा किया जाता है और उपयुक्त हस्ताक्षरकर्ताओं और कानूनी इकाइयों द्वारा उचित तरीके से अधिकृत और हस्ताक्षरित किया जाता है।
- ग्राहकों या व्यावसायिक भागीदारों को अस्वीकृत गैर-मानक शर्तें या अनधिकृत "अतिरिक्त पत्र" प्रदान नहीं करते हैं याउन पर सहमत नहीं होते हैं
- ग्राहक खातों को संसाधित करने के लिए संसाधनों में अनुबंधों, संबंधित आदेश और ग्राहक की स्थिति के पूर्ण, सटीक दस्तावेज सुनिश्चित करते हैं
- सरकार को उत्पाद और सेवाएँ प्रदान करते समय उन नियमों का पालन करते हैं जो सार्वजनिक खरीद को नियंत्रित करते हैं

इंट्रानेट पर सरकारी अनुबंध नीतियां

इंट्रानेट पर वैश्विक सेवाओं संबंधी नीतियां

REUTERS/विवेक प्रकाश

बिंदुओं को जोड़ना

प्र मुझे विक्रेता का एक इनवॉइस मिला है जो मेरी अधिकार सीमा से अधिक राशि का है। क्या मैं राशि को दो अलग-अलग भुगतानों में विभाजित कर सकता हूं जिन्हें मैं अधिकृत कर सकता हूं?

उ नहीं। किसी प्राधिकरण स्तर को पूरा करने के लिए किसी इन-वॉइस को अलग-अलग भुगतानों में विभाजित करना हमारे आंतरिक नियंत्रणों के साथ धोखा करना माना जाता है। अगर विक्रेता भुगतान राशि आपके प्राधिकरण स्तर से अधिक की है, तो आपके प्रबंधन श्रृंखला में अगले-स्तरीय अनुमोदक को व्यय पर स्वीकृति देनी होगी।

अनधिकृत साइड लेटर

अनधिकृत साइड लेटर अज्ञात, अस्वीकृत पत्र, ई-मेल, नोट्स या मौखिक समझौते हैं जो मानक अनुबंध शर्तों में भिन्न होते हैं। वे हमें किसी ऐसी चीज से बांध सकते हैं जिसे हम वितरित नहीं कर सकते या हमें अवांछित दायित्व के लिए बेनकाब कर सकते हैं। इनमें निम्न शामिल हो सकते हैं:

- प्रारंभिक निकासी या अनुबंध की समयसीमा समाप्ति से पहले समापन करने की ग्राहक की क्षमता
- गारंटी करता है कि ग्राहक कुछ उपलब्धियाँ हासिल करेंगे
- विवरण जो सीधे अनुबंध के कुछ हिस्सों का खंडन करते हैं, विशेषकर भुगतान की शर्तें
- उन उत्पादों या सेवाओं के लिए प्रतिबद्धता जिसे Thomson Reuters देने या करने में असमर्थ है या अनिच्छुक है
- मुफ़्त या रियायती उत्पादों या सेवाओं की पेशकश

मीडिया और सोशल मीडिया का ज़िम्मेदारी के साथ उपयोग करना

हम पर भरोसा किया जाता है . . .

...Thomson Reuters की ओर से सावधानी के साथ सोशल मीडिया पर कुछ कहने और पोस्ट करने के लिए भरोसा किया जाता है और केवल तब जब हम ऐसा करने के लिए अधिकृत हों।

यह क्यों मायने रखता है

हम मीडिया की शक्ति और इसे समझदारी से उपयोग करने की हमारी ज़िम्मेदारी से पूरी तरह अवगत हैं। हमारी कंपनी का शेयर मूल्य, प्रतिष्ठा और प्रतिस्पर्धा करने की क्षमता सभी हमारे द्वारा सार्वजनिक की जाने वाली जानकारी से प्रभावित हो सकते हैं। जोखिम को समझते हुए और प्राधिकरण के बिना कंपनी के लिए बोलने के लिए सामने नहीं आकर, सोशल मीडिया पर स्वतंत्र रूप से पोस्ट करने के हमारे व्यक्तिगत अधिकार का प्रयोग करते हुए भी हम यह सुनिश्चित करने में मदद कर सकते हैं कि कंपनी लगातार अपने सभी अपेक्षित दर्शकों को सटीक संदेश दे सके।

हम कैसे काम करते हैं

अगर हमें कंपनी के बाहर से जानकारी के लिए अनुरोध प्राप्त होता है, भले ही देखने में बहुत साधारण हो, तो हम उन्हें उन सहकर्मियों से संपर्क करने के लिए कहते हैं जो कंपनी के प्रवक्ता के रूप में कार्य करने के लिए अधिकृत हैं। ये प्रवक्ता:

- मीडिया, शेयरधारकों, वित्तीय विश्लेषक और सरकारी अधिकारियों के अनुरोधों को संभालते हैं
- प्रतिभूति नियामक प्राधिकरणों और स्टॉक एक्सचेंजों की आवश्यकताओं के अनुसार सूचना का खुलासा करते हैं
- यह सुनिश्चित करते हैं कि दी जाने वाले जानकारी सही है और Thomson Reuters इसे सार्वजनिक करने के लिए तैयार है

मीडिया के सामने जाना और सार्वजनिक रूप से बोलना

यदि कोई कर्मचारी, किसी सम्मेलन में भाषण देता है, किसी पैनल चर्चा में भाग लेता है या मीडिया में साक्षात्कार देता है, तो यह माना जाता है कि वह कंपनी की ओर से बोल रहा है। इन बाहरी गतिविधियों के लिए स्वीकृति आवश्यक है, जिनमें आपके प्रबंधक और संचार टीम शामिल हैं। कोई भी कर्मचारी जो किसी सम्मेलन/कार्यक्रम में बोलना चाहता है, या प्रेस के किसी सदस्य को कोई टिप्पणी प्रदान करता है उसके लिए स्पष्ट प्रबंधक और संचार स्वीकृति की आवश्यकता होती है। यदि आपसे मीडिया द्वारा अप्रत्याशित रूप से संपर्क किया जाता है – व्यक्तिगत रूप से किसी सम्मेलन में या किसी अन्य परिस्थिति में – तो साक्षात्कार के लिए सहमत होने से पहले आपको संचार टीम से परामर्श करना चाहिए। कुछ मामलों में, हमें यह स्पष्ट करने की आवश्यकता हो सकती है कि ये विचार Thomson Reuters के विचारों का प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं; ऐसे मामलों में संचार टीम तदनुसार सलाह दे सकती है।

सोशल मीडिया

व्यावसायिक सूचना सेवाओं के प्रदाता के रूप में, Thomson Reuters सोशल मीडिया और ऑनलाइन संचार में सक्रिय भागीदारी को मानते हैं और प्रोत्साहित करते हैं। हम ऐसा ज़िम्मेदारी के साथ करते हैं। इसका अर्थ है कि हम:

- पारदर्शी हैं और अगर Thomson Reuters या उसके उत्पादों, सेवाओं या उद्योग के बारे में लिखते हैं, तो हमेशा यह खुलासा करते हैं कि हम कर्मचारी हैं, चाहे कंपनी की ओर से या व्यक्तिगत क्षमता में बात कर रहे हों
- अगर व्यक्तिगत रूप से लिखते हैं और भ्रम का कोई खतरा होता है, भले ही मामूली हो, यह स्पष्ट करते हैं कि व्यक्त किए गए विचार निजी हैं और यह कंपनी के विचार नहीं हैं
- जब तक कि कंपनी द्वारा ऐसा करने के लिए अधिकृत नहीं किए जाते हैं, कंपनी या इसके ग्राहकों, विक्रेताओं या आपूर्तिकर्ताओं के बारे में गोपनीय डेटा या संवेदनशील जानकारी प्रकाशित नहीं करते हैं
- कंपनी के व्यापारिक रहस्य, अनुबंध, आगामी उत्पाद रिलीज़ या कोई अन्य स्वामित्व वाली जानकारी पर चर्चा करने से बचने के लिए सावधानी बरतते हैं

REUTERS/चांस चैन

- समझदारी से काम करते हैं और अगर हम साथी कर्मचारियों, ग्राहकों, विक्रेताओं, आपूर्तिकर्ताओं या संगठन के बारे में बाहर कोई पोस्ट करते हैं, तो सोशल मीडिया दिशानिर्देशों का पालन करते हैं
- डिजिटल पर्यवेक्षण समिति के अनुमोदन के बिना Thomson Reuters-ब्रांडेड सोशल मीडिया चैनल नहीं बनाते हैं
- सुनिश्चित करते हैं कि सोशल मीडिया पर व्यतीत किया गया समय और प्रयास हमारे काम के कर्तव्यों में हस्तक्षेप न करें
- अपनी पोस्ट के प्रति सचेत रहते हैं, भले ही वह Thomson Reuters से संबंधित नहीं हो

विदित हो कि कुछ नौकरियों में हम में से कुछ के लिए सोशल मीडिया से संबंधित पूरक नीतियाँ हो सकती हैं।
अगर आपके पास व्यक्तिगत या कॉर्पोरेट सोशल मीडिया के उपयोग पर कोई अतिरिक्त प्रश्न हैं, तो कृपया संचार टीम से संपर्क करें।

इंट्रानेट पर सोशल मीडिया संबंधी दिशानिर्देश

पूछ-ताछ का उल्लेख कहाँ करें

इनसे पूछ-ताछ:	इनसे उल्लेख करें:
वित्तीय समुदाय या शेयरधारक	निवेशक संबंध
समाचार या मीडिया	संचार
विनियामक या सरकारी एजेंसी	कानूनी
निर्वाचित अधिकारी	संचार और सरकारी मामले
रोज़गार ढूंढ रहा व्यक्ति	मानव संसाधन
ग्राहक	ग्राहक या बिक्री प्रतिनिधि
विक्रेता या अन्य भागीदार	संचार

REUTERS/यानिस बेहराकिस

बिंदुओं को जोड़ना

प्र मैंने ऑनलाइन एक लेख देखा है जिसमें Thomson Reuters की सेवा के बारे में गलत दावा किया गया है। क्या मैं उस लेख पर टिप्पणी देकर उसे सही कर सकता/ती हूँ अगर मैं यह स्पष्ट करता/ती हूँ कि मैं अपनी ओर से बोल रहा/ही हूँ और कंपनी के आधिकारिक प्रवक्ता के तौर पर नहीं?

उ इस परिस्थिति के बारे में संचार विभाग को बताना सबसे बेहतर होगा ताकि वे इस मुद्दे की ठीक से जांच कर सकें और अगर आवश्यक हो तो उसका समाधान कर सकें। सामान्य तौर पर, आपको Thomson Reuters के उत्पाद, स्टॉक, कूटनीतियों, ग्राहकों या प्रतिस्पर्धियों के बारे में कोई भी जानकारी पोस्ट करने से बचना चाहिए, भले ही आप भ्रम या झूठे दावों को दूर करने का प्रयास कर रहे हों। इसका प्रबंधन आपकी कंपनी के संचार विशेषज्ञों द्वारा किया जाता है।

बिंदुओं को जोड़ना

प्र मैं सोशल मीडिया पर सक्रिय हूँ और मेरे कई अलग-अलग खाते हैं। कभी-कभी मैं ऐसी सामग्री पोस्ट करना चाहता/ती हूँ जो Thomson Reuters के हितों के साथ ओवरलैप करती है। क्या मुझे अनुमति है?

उ ऐसी सामग्री पोस्ट करने से पहले, यह सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है कि वह कंपनी, हमारे ग्राहकों, हमारे सहकर्मियों या अन्य लोगों या उन कंपनियों के बारे में गोपनीय या गैर-सार्वजनिक जानकारी प्रकट नहीं करती है, जिनके साथ हम व्यवसाय करते हैं। आपको किसी ग्राहक या व्यावसायिक भागीदार का उद्धरण या संदर्भ उनसे स्वीकृति लिए बिना नहीं देना चाहिए। इसके अलावा, अगर आप हमारे द्वारा बेचे जाने वाले या हमारे प्रतिस्पर्धी द्वारा बेचे जाने या प्रस्तुत उत्पादों और सेवाओं पर टिप्पणी कर रहे हैं, तो आपको विश्वास के सिद्धांतों से सचेत रहना चाहिए और यह स्पष्ट करना चाहिए कि आप कंपनी में कार्यरत हैं। किसी भी स्थिति में, आपको यह स्पष्ट करना चाहिए कि सभी विचार आपके हैं और Thomson Reuters के नहीं हैं। सोशल मीडिया दिशानिर्देश देखें और अगर संदेह है, तो सबसे पहले अपने प्रबंधक या कॉर्पोरेट संचार विभाग से बात करें।

REUTERS/ओका बारटा

हमारे समुदायों में *विश्वास मायने रखता है*

ज़िम्मेदार वैश्विक कॉर्पोरेट नागरिक बनना *60*

हमारे समुदायों के लिए योगदान करना *62*

राजनीतिक प्रक्रिया में भाग लेना *64*

ज़िम्मेदार वैश्विक कॉर्पोरेट नागरिक बनना

हम पर भरोसा किया जाता है ...

...मानवाधिकारों और अपने पर्यावरण का सम्मान करने और हमारे कर्मचारियों, ग्राहकों, विक्रेताओं, आपूर्तिकर्ताओं तथा अन्य व्यावसायिक भागीदारों को उसी उच्च मानक में रखने के लिए भरोसा किया जाता है जहाँ हम खुद को देखते हैं।

यह क्यों मायने रखता है

Thomson Reuters संपूर्ण विश्व में हजारों पेशेवरों के साथ काम करता है और संयुक्त राष्ट्र ग्लोबल कॉम्पैक्ट के सदस्य के रूप में काम करता है, हम मानवाधिकार और पर्यावरणीय ज़िम्मेदारी के क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम व्यवसाय और मानवाधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र के मार्गदर्शक सिद्धांतों (UNGP) से जुड़े हैं और इस दायित्व के हिस्से के रूप में, हमने एक मानवाधिकार नीति स्थापित की है जो मानवाधिकारों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता और दृष्टिकोण पर ज़ोर देती है। हम सभी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त मानवाधिकारों का सम्मान करने और हमारे सभी सहकर्मियों के साथ गरिमा और सम्मान के साथ पेश आने के लिए प्रतिबद्ध हैं और हम हमारे व्यावसायिक भागीदारों से भी यही उम्मीद करते हैं। यह हमारे वैश्विक परिचालनों में एक सुरक्षित, कुशल और विश्वसनीय कार्यबल की स्थापना करता है और यह विश्वास और साझेदारी बनाता है – दो मुख्य व्यावसायिक मूल्य जो यह दर्शाते हैं कि हम कैसे व्यापार करते हैं। हम पर्यावरण की रक्षा और संरक्षण के साथ-साथ स्थायी सोर्सिंग समाधान खोजने के लिए भी प्रतिबद्ध हैं। हम जानते हैं कि हमारी ज़िम्मेदारियां बड़ी हैं, जैसे कि हमारे अवसर हैं, यही वजह है कि हम नई खोज करते रहने और उम्दा प्रदर्शन करते रहने के लिए प्रतिबद्ध हैं, हमारे भागीदारों, हमारे कर्मचारियों और दुनिया को साबित करते हैं कि हम ऐसे लीडर हैं जो दीर्घकालिक सफलता के लिए प्रतिबद्ध हैं।

इंट्रानेट पर वैश्विक विविधता और समावेशन

संयुक्त राष्ट्र ग्लोबल कॉम्पैक्ट नीति

व्यवसाय और मानवाधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र के मार्गदर्शक सिद्धांत

हम कैसे प्रदान करते हैं

मानवाधिकार

हम जहाँ भी व्यवसाय करते हैं, हम मानवाधिकारों और श्रमिक अधिकारों की रक्षा करने के लिए भरसक प्रयास करते हैं। इसका अर्थ है कि हम:

- स्थानीय श्रम कानूनों और प्रक्रियाओं का अनुपालन करते हैं और श्रमिक आचरण के हमारे अपने उच्च नैतिक मानकों को बनाए रखते हैं
- जबरन मज़दूरी या बाल मजदूरी की अनदेखी या उपयोग नही करते हैं या मानव तस्करी या दासता में शामिल नहीं होते हैं
- मानवाधिकारों के उल्लंघन की अनदेखी न करें
- कर्मचारियों को स्थानीय कानून के अनुसार मान्यता प्राप्त रोज़गार या स्वतंत्र ठेकेदार संबंधों के आधार पर शामिल करते हैं
- कर्मचारियों को नियुक्त करने से पहले मेहनताना और लाभ के बारे में स्पष्ट जानकारी देते हैं
- सुनिश्चित करते हैं कि मेहनताना और लाभ लागू कानूनों के अनुरूप हो
- स्वतंत्र रूप से संबद्ध होने के श्रमिकों के अधिकारों, उनके यूनियन या कार्य परिषदों में शामिल होने या उनका गठन करने और स्थानीय कानून के अनुसार सामूहिक रूप से सौदा करने का सम्मान करते हैं
- उच्च गुणवत्ता वाले आपूर्तिकर्ताओं और अन्य भागीदारों के साथ कार्य करते हैं जो हमारे समान स्तर के नैतिक मानकों के तहत काम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं

अगर आपको लगता है कि आपने या तो हमारे कार्यस्थलों में से किसी एक के अंदर हमारे मानवाधिकार मानकों के उल्लंघन का सामना किया है या हमारे व्यावसायिक भागीदारों में से कोई एक इसमें शामिल है, तो अपने प्रबंधक, मानव संसाधन या एंटरप्राइज़ अनुपालन टीम से संपर्क करें।

इंट्रानेट पर मानवाधिकार नीति

आपूर्ति श्रृंखला नैतिकता संहिता

आधुनिक दासता अधिनियम पारदर्शिता कथन

सामाजिक प्रभाव रिपोर्ट

REUTERS/फिल नोबल

पर्यावरणीय ज़िम्मेदारी

हम अपने पर्यावरणीय प्रभाव को सीमित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारे संसाधनों को प्रबंधित करके और स्थायी समाधानों की माँग करके, हम सभी के लिए एक बेहतर भविष्य सुनिश्चित कर सकते हैं। इसका अर्थ है कि हम:

- सभी लागू पर्यावरणीय कानूनों और विनियमों का पालन करते हैं, उनकी आवश्यकताओं को पूरा करते हैं या उनकी अपेक्षा से ज्यादा करते हैं
- पर्यावरणीय सुरक्षा और संसाधन दक्षता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कंपनी की सभी नीतियों और प्रक्रियाओं को जानते हैं और उनका पालन करते हैं
- हमारे कार्यस्थलों में किसी भी प्रकार के खतरनाक और/या विनियमित सामग्रियों की अनुमति देने से पहले उनके संभावित खतरों और सुरक्षित प्रक्रियाओं को समझते हैं
- हमारे कार्यस्थलों में संरक्षण और रीसाइक्लिंग का समर्थन करने के लिए अवसरों की तलाश करते हैं
- हमारे कार्यस्थलों को और भी अधिक संवहनीय बनाने के नए तरीके ढूंढते के लिए व्यक्तिगत रूप से ज़िम्मेदारी लेते हैं
- हमारे संवहनीयता प्रयासों के बारे में अधिक जानकारी के लिए, कृपया **सामाजिक प्रभाव रिपोर्ट देखें**

अगर आपको पर्यावरण सुरक्षा संबंधी कोई चिंता है या अगर हमारी स्थिरता बढ़ाने या हमारे संरक्षण प्रयासों में और मज़बूती लाने का कोई तरीका आपके मन में है, तो **वैश्विक रियल एस्टेट और सुविधा प्रबंधन** से संपर्क करें।

संयुक्त राष्ट्र ग्लोबल कॉम्पैक्ट नीति सिद्धांत

इंट्रानेट पर पर्यावरण, स्वास्थ्य और सुरक्षा नीति

ज़िम्मेदार सोर्सिंग और आपूर्ति श्रृंखला नैतिक आचार संहिता

हम सक्रिय रूप से उन आपूर्तिकर्ताओं की तलाश करते हैं जो हमारे नैतिक मानकों और पर्यावरण की दृष्टि से सक्षम और स्थायी प्रक्रियाओं के प्रति प्रतिबद्धता को साझा करते हैं। इसका अर्थ है कि हम:

- तृतीय-पक्ष आपूर्तिकर्ताओं पर ज़रूरी सावधानी बरतते हैं
- आपूर्तिकर्ताओं को चुनने की हमारी प्रक्रिया में अक्षय ऊर्जा, प्रदूषण नियंत्रण और स्थिरता जैसे तथ्यों को शामिल करते हैं
- विविध आपूर्ति श्रृंखला की तलाश करते हैं जो हमारे कर्मचारी आधार, दुनिया भर में ग्राहकों और भागीदारों को दर्शाते हैं
- संभावित और वर्तमान आपूर्तिकर्ताओं को हमारे आपूर्ति श्रृंखला नैतिक संहिता से अवगत कराते हैं और उनसे इसका पालन करने की उनकी प्रतिबद्धता मांगते हैं

आपूर्ति श्रृंखला नैतिकता संहिता

आधुनिक दासता अधिनियम पारदर्शिता कथन

हमारे समुदायों में योगदान करना

हम पर भरोसा किया जाता है . . .

...सकारात्मक बदलाव लाने वाले लोगों और परियोजनाओं में निवेश करके, उन समुदायों का समर्थन करने के लिए भरोसा किया जाता है जहाँ हम रहते हैं और काम करते हैं।

यह क्यों मायने रखता है

Thomson Reuters वैश्विक स्तर पर काम करता है और सहायता के लिए स्थानीय संबंधों और संसाधनों पर निर्भर करता है। जब हम हमारे समुदायों में सुधार करते हैं, तो हम अपने वर्तमान और भविष्य के कर्मचारियों के जीवन को, साथ ही हमारे ग्राहकों के जीवन को भी बेहतर बना सकते हैं। सहयोग और खुले संचार का समर्थन करने और आमंत्रित करने के लिए योग्य कारणों की तलाश करके, हम हमारे समुदायों का आगे बढ़ने और हमारे साथ सफल होने में सहायता कर सकते हैं।

हम कैसे काम करते हैं

हमारे समुदायों की सहायता करने और धर्मार्थ कार्य को प्रोत्साहित करने के लिए हम अपने सहकर्मियों और भागीदारों के साथ मिलकर काम करते हैं। इसका अर्थ है कि हम:

- समुदाय के सदस्यों की चिंताओं को सुनते हैं और समाधान पर एक साथ काम करते हैं
- Thomson Reuters को केवल पूर्व स्वीकृति के साथ धर्मार्थ कारणों से कनेक्ट करते हैं
- महत्वपूर्ण कार्यक्रमों के माध्यम से समुदायों की सेवा करने के लिए हमारे सहकर्मियों की प्रतिबद्धता का ईनाम देते हैं और सामुदायिक चैंपियन अनुदान के साथ समुदाय में सामूहिक प्रयासों को सेलिब्रेट करते हैं
- सभी नियमित कर्मचारियों को स्वयंसेवा करने वाली क्षेत्रीय या अन्य नीतियों के अनुरूप स्वयंसेवा करने के लिए सामयिक अवकाश देते हैं
- सुनिश्चित करते हैं कि सभी तरह के निःस्वार्थ दान, जैसे कि उपकरण, हमारे कर और वित्त विभागों द्वारा स्वीकृत हैं
- हमारे पास एक ऐसा कार्यक्रम है जो कर्मचारियों के योग्य व्यक्तिगत धर्मार्थ देने और धन उगाहने के प्रयासों से मेल खाता है
- हम एक स्वयंसेवी अनुदान कार्यक्रम चलाते हैं जिसके अंतर्गत गैर-लाभकारी कार्य के लिए प्रति वर्ष 20 से अधिक घंटे स्वयंसेवा करने वाले कर्मचारी धर्मार्थ अनुदान का उपयोग कर सकते हैं

अगर आप किसी ऐसे सामुदायिक कारण या आयोजन के बारे में जानते हैं जिसमें आपको लगता है कि कंपनी को सहायता करने में दिलचस्पी हो सकती है, तो **इंट्रानेट पर सामाजिक प्रभाव** से संपर्क करें।

TR.com पर सामाजिक प्रभाव

स्वयंसेवा नीति

समुदाय समर्थन नीति

REUTERS/माइक हचिंग्स

बिंदुओं को जोड़ना

प्र Thomson Reuters फ़ाउंडेशन क्या है?

उ Thomson Reuters फ़ाउंडेशन मीडिया की स्वतंत्रता को आगे बढ़ाने, अधिक समावेशी अर्थव्यवस्थाओं को बढ़ावा देने और मानवाधिकारों के मुद्दों की जागरूकता बढ़ाने के लिए काम करता है। फ़ाउंडेशन विभिन्न सेवाओं के माध्यम से बदलाव लाने के लिए अपनी विशिष्ट मीडिया और कानूनी विशेषज्ञता को जोड़ता है, जिसमें इसके पत्रकार भी शामिल हैं जो 70 से अधिक देशों में ग्राउंड रिपोर्टिंग करते हैं। यह स्वतंत्र पत्रकारिता को मीडिया विकास और समर्थन भी प्रदान करता है, दुनिया भर के NGO और सामाजिक उद्यमों को निःशुल्क कानूनी सहायता की सुविधा प्रदान करता है और इसके वार्षिक मानवाधिकार मंच ट्रस्ट सम्मेलन सहित आयोजनों की मेजबानी करता है। इसका ध्येय सामूहिक नेतृत्व को प्रेरित करना तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष और सूचित समाजों को गढ़ने हेतु लोगों को सशक्त बनाना है।

Thomson Reuters फ़ाउंडेशन

Social Impact Institute क्या है?

Social Impact Institute हमारे ग्राहकों और समुदायों पर पड़ने वाले प्रभाव पर ध्यान केंद्रित करता है। Thomson Reuters में, हम जो कुछ भी करते हैं उसके केंद्र में न्याय और पारदर्शिता है। हम नवाचार, सामुदायिक निवेश, स्वयंसेवी प्रभाव और स्थायी कॉर्पोरेट नागरिकता के अवसर पैदा करने के लिए अपने कर्मचारियों, ग्राहकों और विश्वसनीय भागीदारों के साथ सहयोग करते हैं।

इंट्रानेट पर सामाजिक प्रभाव

TR.com पर सामाजिक प्रभाव

राजनैतिक प्रक्रिया में भाग लेना

हम पर भरोसा किया जाता है ...

...Thomson Reuters को किसी भी राजनीतिक गतिविधि से अलग रखते हुए राजनीतिक गतिविधियों में भाग लेने के एक दूसरे के व्यक्तिगत अधिकार का समर्थन और सम्मान करने के लिए भरोसा किया जाता है।

यह क्यों मायने रखता है

राजनीतिक प्रक्रिया हमारी दुनिया में सकारात्मक बदलाव लाने का एक कारगर तरीका हो सकता है। हालांकि, ज्यादातर देशों में, जहाँ Thomson Reuters काम करते हैं, कंपनियों के राजनीतिक दान से संबंधित नियम सख्त हैं। इसलिए, हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि Thomson Reuters गलत तरीके से किसी भी राजनीतिक समूह या गतिविधि से नहीं जुड़े। यह हमारे समाचार संचालनों के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, जो हमारे **विश्वास के सिद्धांत** बताते हैं कि दिखावे और व्यवहार दोनों में, राजनीतिक पूर्वाग्रह से मुक्त रहें। जैसे विश्वास के सिद्धांत सभी Thomson Reuters के कर्मचारियों पर लागू होते हैं और केवल पत्रकार पर नहीं, इसलिए हम यह भी सुनिश्चित करने के लिए बाध्य हैं कि कंपनी किसी विशेष राजनीतिक समूह या गतिविधि से अनुचित तरीके से जुड़ी नहीं है।

हम कैसे काम करते हैं

यद्यपि हम कर्मचारियों को व्यक्तिगत रूप से ज़िम्मेदारी के साथ राजनीति और नागरिक मामलों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करते हैं, Thomson Reuters किसी भी राजनीतिक दल, उम्मीदवार, समूह या धर्म (अर्थात, कोई भी "राजनैतिक हित") का समर्थन नहीं करता है।

इसका अर्थ है कि कंपनी:

- कभी भी कंपनी के रूप में किसी भी राजनीतिक हित में योगदान नहीं देती है
- कभी भी किसी भी कर्मचारी को किसी भी हित में योगदान, समर्थन या विरोध करने के लिए नहीं कहती है
- किसी भी राजनीतिक हित के लिए, प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से, प्राथमिकता नहीं देती है या समर्थन नहीं करती है या अंतरराष्ट्रीय टकराव या विवादों के पक्ष में किसी का पक्ष नहीं लेती है
- किसी भी राजनीतिक हित से जुड़ने या किसी भी विवाद में किसी एक के पक्ष में खड़े होने से Thomson Reuters या उसके व्यवसायों को सावधानी के साथ दूर रखती है
- पक्षसमर्थन पर बाहरी स्थिति लेने से पहले एंटरप्राइज़ अनुपालन टीम से पूर्व स्वीकृति लेती है - उदाहरण के लिए, किसी विशेष पहल में एक व्यावसायिक संघ से जुड़ना

लॉबिंग

कई बार, हम सरकारी अधिकारियों के साथ विभिन्न मुद्दों और विषयों पर चर्चा कर सकते हैं जो हमारे व्यवसाय, नियामकों और राजनेताओं को प्रभावित कर सकते हैं। जब ये चर्चा प्रस्तावित कानूनों, हमारे व्यवसाय के नियमों या विनियमों के संभावित प्रभाव पर केंद्रित होती है, तो हम विश्वास के सिद्धांत का पालन करते हैं और संभावित विधान, नीति, कार्यक्रम अथवा संघीय, राज्य या स्थानीय सरकार की स्थिति पर बाहरी पद लेने से पहले एंटरप्राइज़ अनुपालन टीम पूर्व स्वीकृति लेते हैं। अगर हम कोई पद लेते हैं, तो हमें सभी लागू लॉबिंग कानूनों, प्रतिबंधों और विनियमों का पालन आवश्य करना चाहिए। एंटरप्राइज़ अनुपालन टीम के पूर्वानुमोदन के बिना हम किसी सरकारी अधिकारी को उपहार या अभियान योगदान सहित कोई भी मूल्यवान वस्तु प्रदान नहीं करेंगे या किसी सरकारी अधिकारी के आधिकारिक कार्यों से किसी भी मूल्यवान वस्तु को संबद्ध नहीं करेंगे।

REUTERS/जॉन कोलेसिडिस

विदेशी सरकारी हितों से स्वतंत्रता

संयुक्त राज्य अमेरिका में, हम Foreign Agents Registration Act (FARA) के दायरे में नहीं आते हैं क्योंकि हम केवल Thomson Reuters के वाणिज्यिक व्यवसाय के समर्थन संबंधी गतिविधियों में संलग्न हैं, तथा विदेशी सरकार या विदेशी राजनीतिक दल के सार्वजनिक या राजनीतिक हितों को प्रत्यक्ष रूप से प्रोत्साहित नहीं करते हैं। किसी भी स्थिति में हमारी कॉर्पोरेट या व्यक्तिगत राजनीतिक गतिविधियां किसी विदेशी सरकार या विदेशी राजनीतिक दल द्वारा निर्देशित नहीं की जाएंगी। अगर हम संयुक्त राज्य अमेरिका में राजनीतिक प्रकृति की गतिविधियां संचालित करते हैं, तो वे गतिविधियां केवल उस सीमा तक अधिकृत की जाएंगी जब तक कि वे Thomson Reuters की प्रामाणिक वाणिज्यिक, औद्योगिक या वित्तीय परिचालनों को आगे बढ़ाती हैं। इसीलिए, हम अपने गैर-अमेरिकी नागरिक हितधारकों का प्रतिनिधित्व केवल हमारे निजी हितों से संबंधित अधिकृत निजी और गैर-राजनीतिक गतिविधियों के माध्यम से या प्रधान रूप से किसी भी विदेशी हित को पूरा नहीं करने वाली गतिविधियों के माध्यम से करेंगे।

निजी राजनैतिक गतिविधि

अगर हम व्यक्तिगत रूप में किसी अभियान के लिए प्रचार करने या राजनीतिक कार्यालय में सेवा देने की योजना बना रहे हैं, तो हम इन प्रयासों में Thomson Reuters से खुद को अलग करने के लिए सावधान रहते हैं। इसका अर्थ है कि हम:

- कार्यालय चलाने की योजना के बारे में एंटरप्राइज़ अनुपालन टीम को सूचित करते हैं और Thomson Reuters से जुड़े किसी भी राजनीतिक मामले से खुद को अलग करते हैं
- उन सहकर्मियों, ग्राहकों या व्यावसायिक भागीदारों पर दबाव नहीं डालते हैं या प्रभावित नहीं करते हैं, जिन्हें हम Thomson Reuters में अपनी नौकरी के माध्यम से जानते हैं, जो किसी तरह से हमारे स्वयं की व्यक्तिगत राजनीतिक गतिविधि से संबंधित हैं
- व्यक्तिगत राजनीतिक योगदान के लिए कर्मचारियों की प्रतिपूर्ति नहीं करते हैं या मुआवजे में वृद्धि नहीं करते हैं
- उन राज्यों और देशों में कानूनों और नियमों का पालन करते हैं, जो कर्मचारियों या उनके परिवार के सदस्यों द्वारा राजनीतिक योगदान को सीमित करते हैं
- यह स्पष्ट करने के लिए विशेष ध्यान देते हैं कि हमारी राजनीतिक गतिविधियों और व्यक्त राजनीतिक विचार निजी हैं और किसी भी तरह से Thomson Reuters – के नहीं हैं, विशेषकर अगर हमारी व्यावसायिक इकाई किसी सरकारी इकाई के साथ व्यापार करती है

पूरक नीतियाँ

विदित हो कि कुछ नौकरियों में हम में से कुछ के लिए लॉबिंग और निजी राजनीतिक गतिविधि से संबंधित पूरक नीतियाँ हो सकती हैं।

मदद मांगें: सहायक संपर्क जानकारी

बाहरी पूछताछ के लिए सामान्य संपर्क (निवेशक और मीडिया संबंधों सहित)
TR.com पर: https://www.thomsonreuters.com/en/contact-us.html

मानव संसाधन प्रतिनिधि, Thomson Reuters के वकील और संचार प्रतिनिधि
अगर आप अपने स्थानीय मानव संसाधन प्रतिनिधि, Thomson Reuters के वकील जो आपके व्यवसाय का समर्थन करता है या अपने स्थानीय संचार प्रतिनिधि से संपर्क करने का तरीका नहीं जानते हैं, तो कृपया नीचे दी गई सूची की समीक्षा करें। आप संपर्क की जानकारी और अतिरिक्त नीतियाँ और प्रक्रियाएँ इंट्रानेट के "संसाधन" अनुभाग में देख सकते हैं।

व्यावसायिक आचार और नैतिकता संहिता
इंट्रानेट पर: https://trten.sharepoint.com/sites/intr-code-of-business-conduct-and-ethics

TR.com पर: https://ir.thomsonreuters.com/corporate-governance/code-conduct

नैतिकता हॉटलाइन
इंट्रानेट पर: https://trten.sharepoint.com/sites/intr-business-conduct-and-ethics-hotline

टेलीफ़ोन: + (1) 877.373.8837 (संयुक्त राज्य अमेरिका और कनाडा के बाहर, टोल-फ्री डायल करने के लिए पहले अपने देश का एक्सेस नंबर डायल करें)

वेब फॉर्म: http://www.thomsonreuters.ethicspoint.com

कानूनी / अनुपालन नीतियाँ, टूल्स और संसाधन
इंट्रानेट पर: https://trten.sharepoint.com/sites/intr-legal-and-compliance-policies-tools-and-resources

जनरल काउंसिल का कार्यालय - कानूनी फ़्रंट डोर
https://trten.sharepoint.com/sites/intr-general-counsel

एंटरप्राइज़ अनुपालन
echelp@thomsonreuters.com

रिकॉर्डस और सूचना प्रशासन
echelp@thomsonreuters.com

गोपनीयता कार्यालय
privacy.enquiries@thomsonreuters.com

कॉर्पोरेट अनुपालन और ऑडिट विभाग
corporatecompliance@thomsonreuters.com

Reuters नैतिकता + मानक
Reuters.Ethics@thomsonreuters.com

कर्मचारियों और प्रबंधकों के लिए मानव संसाधन संपर्क
इंट्रानेट पर: https://trten.sharepoint.com/sites/intr-hr

वैश्विक सुरक्षा
इंट्रानेट पर: https://trten.sharepoint.com/sites/intr-global-real-estate/SitePages/Global-Security.aspx

सुरक्षा संचालन केंद्र SOC (सुरक्षा आपातकाल)
वैश्विक टेलिफोन: +1 651 848 8835

ई-मेल: SecurityOps@thomsonreuters.com

वेबफ़ॉर्म: https://thomsonreuters.ethicspointvp.com/custom/thomsonreuters/en/sec/

पर्यावरणीय स्वास्थ्य और सुरक्षा
tr.ehs@thomsonreuters.com

TR वैश्विक सेवा डेस्क
इंट्रानेट पर: https://thomsonreuters.service-now.com/sp/?id=index

सूचना सुरक्षा जोखिम प्रबंधन (ISRM)
security@thomsonreuters.com

विषय सूचीपर जाएँ।

कानूनी नोटिस

यह संहिता आपके लिए संदर्भ के रूप में कार्य करती है। Thomson Reuters इस संहिता और किसी भी और सभी नीतियों, प्रक्रियाओं और कार्यक्रमों को पूरे या आंशिक रूप से, किसी भी समय, सूचना सहित या के बिना को संशोधित, निलंबित या निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। Thomson Reuters अपने विवेकाधिकार से उचित मानते हुए इस संहिता और इन नीतियों की व्याख्या करने का अधिकार भी सुरक्षित रखता है।

न तो यह संहिता न ही Thomson Reuters के किसी भी कर्मचारी द्वारा दिया गया कोई भी बयान, चाहे वह मौखिक हो या लिखित, किसी भी कर्मचारी के अधिकार, विशेषाधिकार या लाभ को संभाषित करते हैं, और न ही Thomson Reuters में निरंतर रोज़गार के लिए कोई पात्रता बनाते हैं, रोज़गार की शर्तों को स्थापित करते हैं या कर्मचारियों और Thomson Reuters के बीच किसी भी प्रकार का अभिव्यक्त या निहित रोज़गार अनुबंध बनाते हैं। इसके अलावा, सभी कर्मचारियों को यह समझना चाहिए कि यह संहिता उनके रोजगार संबंधों को संशोधित नहीं करती है, चाहे वे इच्छा पर हों या लिखित अनुबंध द्वारा शासित हों।

इस संहिता का संस्करण जो www.thomsonreuters.com पर ऑनलाइन उपलब्ध है वर्तमान और नवीनतम हो सकता है और किसी भी कागज़ी प्रति या पिछले संस्करण को प्रतिस्थापित कर सकता है, जो कि कागज़ी प्रति, पिछले संस्करणों और जो ऑनलाइन पोस्ट किए गए हैं, के बीच कोई विसंगति होनी चाहिए।

THOMSON REUTERS
www.thomsonreuters.com

फ्रंट कवर फ़ोटो क्रेडिट: REUTERS/डोमिनिक इबेनबिचलर

आंतरिक: https://trten.sharepoint.com/sites/intr-code-of-business-conduct-and-ethics

बाहरी: https://ir.thomsonreuters.com/corporate-governance/code-conduct

© 2022 Thomson Reuters TR2197320/05-2021

THOMSON REUTERS®